


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 348 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 19 सितम्बर 2025 डाक 20 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक धीरेन्द्र ओझा ने नई दिल्ली में स्वच्छता शपथ दिलाई



**देश-विदेश**
अनुराग ठाकुर तिरपाल राजनीति में व्यस्त सुमन भारती बोले- जनता के मुद्दे रह गए पीछे



**फीचर पेज**
सिर पर स्कार्फ बांधने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके लगेंगी बेहद खूबसूरत



# चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा... राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एकबार फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा। उनकी यह टिप्पणी वोट चोरी के मुद्दे पर अपने हमले को तेज करने के एक दिन बाद आई है। जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को रक्षा करने का आरोप लगाया था।

सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी! चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। राहुल गांधी ने कल की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का 36 सेकेंड का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी! चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। गांधी 36 सेकंड के वीडियो में कथित वोट चोरी की कार्यप्रणाली के बारे में बता रहे हैं। इससे पहले गुरुवार शाम को एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन जी, संविधान की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे।

मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। जय हिंद! चुनाव आयोग पर अपने नए हमले में राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा था कि चुनाव आयोग को वोट चोरों को संरक्षण देना बंद करना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी द्वारा मतदाताओं के नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो यह निश्चित रूप से साबित हो जाएगा कि चुनाव आयोग संविधान की हत्या में शामिल है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने शुरू में ही कहा कि यह कोई हाइड्रोजन बम वाला खुलासा नहीं है जिसका उन्होंने वादा किया था। यह जल्द ही होगा।

### अनिल अंबानी और राणा कपूर की बढ़ी मुश्किलें

# सीबीआई ने दो मामलों में कोर्ट में दाखिल किया आरोपपत्र



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया है, जो अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों आरसीएफएल और आरएचएफएल व यस बैंक और राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर व बेटियों राधा कपूर और रोशनी कपूर की कंपनियों के बीच हुए कथित फर्जी लेन-देन से जुड़े हैं। सीबीआई ने कहा कि अनिल अंबानी एडीए ग्रुप के चेयरमैन थे। वह रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के निदेशक भी थे, जो आरसीएफएल और आरएचएफएल की होल्डिंग कंपनी है।

सीबीआई ने एक बयान में कहा, जांच एजेंसी ने आज (18 सितंबर) दो मामलों में आरोपपत्र दाखिल किया है। इनमें एक आरोपपत्र अनिल अंबानी समूह की कंपनियों आरसीएफएल व आरएचएफएल और दूसरा यस बैंक व राणा कपूर की पत्नी बिंदु कपूर और बेटियां राधा कपूर व रोशनी कपूर के स्वामित्व वाली कंपनियों के बीच फर्जी लेन-देन से जुड़ा है। राणा कपूर उस समय यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे। 2022 में यस बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी की शिकायत के आधार पर राणा कपूर, आरसीएफएल, आरएचएफएल और अन्य के खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। जांच में सामने आया कि वर्ष 2017 में यस बैंक ने आरसीएफएल में करीब 2045 करोड़ रुपये और आरएचएफएल में करीब 2965 करोड़ रुपये गैर-परिवर्तनीय शेयर (नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर) और वाणिज्यिक ऋण (कमर्शियल डेट) के रूप में निवेश किए थे।

## जम्मू-कश्मीर से वॉन्टेड आतंकी रफीक शेख गिरफ्तार, बस अड्डे से भागने की थी तैयारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सीआईडी काउंटर इंटेलिजेंस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। लंबे समय से फरार चल रहे आतंकी आरोपी मोहम्मद रफीक शेख (पुत्र गुलाम मोहम्मद शेख) को गिरफ्तार किया है। वह डोडा जिले के भद्रवाह के



चक्रभाटी का रहने वाला है और आतंकवाद से जुड़े एक महत्वपूर्ण केस में वॉन्टेड चल रहा था। सटीक खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, सीआईडी-सीआईजे की समर्पित भगोड़ा ट्रैकिंग टीम ने एक अभियान शुरू किया और उसे जम्मू बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चांदनी चौक ओवरब्रिज पर चलती पिकअप वैन में लगी आग हाईवे पर आवागमन बाधित

**मुजफ्फरपुर, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

शहर के चांदनी चौक ओवरब्रिज पर चलती पिकअप वैन में आग लग गई। चालक ने कूदकर जान बचाई। इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। इससे हाईवे पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। यह सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है। उसके प्रयास से आवागमन की परेशानी का दूर किया गया है।

# दिल्ली दंगा मामलाः उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली



**नईदिल्ली19 सितम्बर।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 2020 दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम, मीरान हैदर और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई। इस मामले पर सोमवार को अगली सुनवाई होगी। इस मामले पर 12 सितंबर को ही सुनवाई होनी थी, लेकिन जस्टिस कुमार ने कहा था कि उन्हें केस की फाइलें रात 2.30 बजे मिलीं, जिसके कारण उनके पास पढ़ने का समय कम था। इसलिए सुनवाई को शुक्रवार तक टाल दिया गया। वहीं, शुक्रवार को भी सुनवाई 22 सितंबर तक के लिए टल गई है। जमानत के लिए याचिका दायर करने वालों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप हैं, जो फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई सांप्रदायिक हिंसा के पीछे कथित बड़ी साजिश से जुड़ा है। इससे पहले, दिल्ली हाई कोर्ट ने 2 सितंबर को इमाम, खालिद और मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा, अतर खान, शिफा-उर-रहमान, मोहम्मद सलीम खान, शादाब अहमद और खालिद सैफी समेत 7 अन्य आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। एक अन्य आरोपी, तस्लीम अहमद, को भी अलग बेंच ने जमानत देने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। पुलिस का दावा है कि 2020 में हुए दंगे पूर्व नियोजित और सुनियोजित साजिश का नतीजा थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने हिंसा भड़काने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि उमर खालिद और शरजील इमाम की संलिप्तता प्रथम दृष्टया गंभीर प्रतीत होती है। कोर्ट ने उन पर लगाए गए आरोपों का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्होंने जो भाषण दिए, वे सांप्रदायिक प्रकृति के थे और उनका मकसद बड़ी भीड़ को इकट्ठा करना था।

## अचानक बोकारो पहुंची दिल्ली स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस, खंगाला आईएसआईएस संदिग्ध का ठिकाना

**पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड स्थित उत्तासारा गांव में संदिग्ध आतंकी अशहर दानिश को लेकर दिल्ली स्पेशल सेल व झारखंड एटीएस की टीम पहुंची। टीम ने जांच के दौरान उसके घर को देखा । इसके बाद उस दुकान का दौरा किया, जहां से दानिश ने पोटेशियम नाइट्रेट खरीदा था। स्पेशल सेल की टीम दानिश को साथ लेकर महतो बीज भंडार नामक दुकान पर पहुंची और दुकान मालिक से पूछताछ की। बीज भंडार के मालिक मनोज महतो ने बताया कि वर्ष 2024 में दानिश ने उनके दुकान से करीब चार से पांच किलो पोटेशियम नाइट्रेट खरीदा था। उन्होंने कहा कि उस समय छह से सात लोग दुकान पर पहुंचे थे और पूछताछ की थी। पोटेशियम नाइट्रेट सामान्य रूप से खेती-बाड़ी में उपयोग किया जाता है।

# मुआवजा 1 करोड़ 20 लाख किसी और को कर दिया भुगतान



**रायपुर 19 सितम्बर ।** भारतमाला परियोजना में अभनपुर क्षेत्र का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कोलकाता निवासी सांवरमल अग्रवाल ने आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को शिकायत कर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें उन्होंने कहा है कि ग्राम पचेड़ा स्थित उनकी निजी भूमि का मुआवजा फर्जी दस्तावेजों और कूटरचित बेनामों के आधार पर दिलाया गया। उनके द्वारा आपत्ति दर्ज कराने और आपत्ति स्वीकार होने के बावजूद 1.20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि विक्रम गंभीर नामक व्यक्ति को भुगतान कर दी गई। शिकायत में उन्होंने दावा किया है कि भूमि के नामांतरण से लेकर फर्जी विक्रयपत्र और दानपत्र तक पूरे प्रकरण में भारी स्तर पर मिलीभगत रही। यह सब स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और राजस्व अमले की शह पर हुआ। इससे पहले भी भारतमाला परियोजना से जुड़े अनियमितताओं के मामले में अभनपुर के एक एसडीएम जेल जा चुके हैं। सांवरमल अग्रवाल ने कहा है कि उन्होंने गोबरा नवापारा में करीब 32 वर्ष पहले चित्रोत्पला शिक्षण समिति को अपनी भूमि दान में देर सेवाकार्य किया था। इसमें वर्तमान में सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में स्थित है। इस पूरे मामले में जब अभनपुर एसडीएम से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह सिविल कोर्ट का मामला है।

## गांव में नेपाल जैसी हिंसा भड़का देंगे, सरपंच को मिली धमकी



**- विजय साहू -**

**सूरजपुर 19 सितम्बर।** जिले के भैयाथान जनपद क्षेत्र में सरपंच संघ ने खांडापारा सरपंच रामधारी से मारपीट और धमकी के मामले में अजाक थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि प्रकाश इंडस्ट्रीज द्वारा संचालित भास्कर पारा कोल माइंस को लेकर हुए विवाद के दौरान सरपंच के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और धमकी दी गई। पुलिस ने शिकायत के बाद 2 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, बसकरपारा ग्रामीणों ने प्रकाश इंडस्ट्रीज के कोयले के अवैध उत्खनन को लेकर प्रदर्शन किया था। उन्होंने आरोप था कि बिना ग्रामसभा की अनुमति के कोल माइंस का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ग्रामसभा प्रस्ताव की प्रति मांगी। बाद में कंपनी ने प्रस्ताव की कॉपी सौंप दी।

# चाकू, लिंक्डइन पोस्ट और... तेलंगाना के निजामुद्दीन को यूएस पुलिस ने क्यों मारी गोली



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

तेलंगाना के 32 साल के रहने वाले एक युवक को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में पुलिस ने गोली मार दी। बताया जा रहा है कि उसने कथित तौर पर ह्यअपने रूममेट पर चाकू से हमला किया था। पूरी घटना 3 सितंबर की है। हालांकि, उसके परिवार को अपने बेटे की मृत्यु की जानकारी दो हफ्ते बाद मिली। मृतक की पहचान निजामुद्दीन के तौर पर हुई है। उसके पिता का नाम हुस्सुद्दीन है। वह सेवानिवृत शिक्षक हैं। उनका कहना है कि 18 सितंबर को कर्नाटक के रायचूर में रहने वाले उनके बेटे के दोस्त के माध्यम से मिली। निजामुद्दीन को दोस्त भी सांता क्लारा में रहता टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, निजामुद्दीन के पिता ने कहा कि हमने अपने बेटे को कई बार कॉल करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद था। बाद में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है।

पिता ने बताया कि इस घटना ने उनको झकझोर कर रख दिया। निजामुद्दीन ने लिंक्डन पोस्ट में लिखा था कि वह नस्लभेदी मानसिकता के शिकार हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि निजामुद्दीन को चार गोलियां मारी गई हैं। उनकी पहचान की तुरंत पुष्टि नहीं हो पाई और बताया जा रहा है कि उनका शव एक स्थानीय अस्पताल में औपचारिकताओं के इंतजार में रखा गया है।

### इंफाल घाटी में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई

## तीन जिलों से छह उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर की इंफाल घाटी के तीन जिलों से कई प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के बयान के मुताबिक, ये गिरफ्तारियां गुरुवार को की गईं। प्रतिबंधित संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के तीन सक्रिय सदस्य इंफाल पश्चिम जिले में उनके घरों से गिरफ्तार किए गए। उनकी पहचान लईशांगथेम तोंडन सिंह (34 वर्षीय), लईशांगथेम आनंद सिंह (34 वर्षीय) और हाइकम हेमचंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# वोडाफोन-आइडिया की याचिका पर 26 सितंबर को होगी सुनवाई, एजीआर रद्द करने की मांग

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वोडाफोन-आइडिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 26 सितंबर को सुनवाई करेगा। वोडाफोन-आइडिया ने साल 2016-17 तक के अतिरिक्त एजीआर को रद्द करने की मांग और इस संबंध में याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने दूरसंचार कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर करने के बाद याचिका पर विचार के लिए अगले शुक्रवार की तारीख तय की। कंपनी ने 8 सितंबर को एक नई याचिका दायर कर दूरसंचार विभाग को 3 फरवरी, 2020 के कटौती सत्यापन दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 2016-17 तक की अवधि के सभी एजीआर बकाया का व्यापक पुनर्मूल्यांकन और समाधान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इस साल की शुरुआत में, भारती एयरटेल और वोडाफ़ोन आइडिया सहित दूरसंचार कंपनियों को झटका देते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 2021 के आदेश की समीक्षा करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उनके द्वारा देय एजीआर बकाया की गणना में कथित गलतियों को सुधारने की उनकी याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।

## ओडिशा विधानसभा में खाद संकट पर हंगामा, बीजद-कांग्रेस के विरोध से 4 मिनट में स्थगित हुआ सत्र

**भुवनेश्वर 19 सितम्बर।** ओडिशा विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को दूसरे दिन भी हंगामेदार रहा।सप्तदश विधानसभा के चौथे सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।सदन महज 4 मिनट चला और अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी को कार्यवाही अपराह्न 4 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सुबह प्रश्नकाल की शुरुआत होते ही बीजद विधायकों ने राज्य में खाद संकट का मुद्दा उठाया। वे तख्तियां लेकर सदन के बीचो बीच पहुंचे और भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बीजद का आरोप था कि राज्य में पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के बावजूद कालाबाजारी की जा रही है और इससे किसान परेशान हो रहे हैं। बीजद सदस्यों ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को लगातार धोखा दे रही है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# सेना की सुरक्षा कवच में बीते 9 दिन Gen-Z आंदोलन के बाद दिया था इस्तीफा



**नई दिल्ली 19 सितम्बर।** नेपाल में अब अंतरिम सरकार का गठन किया जा चुका है। सुशीला कार्की अंतरिम सरकार की मुखिया बनी हैं। नेपाल में पिछले दिनों Gen-Z आंदोलन के बाद हालात बिगड़े, जिसके बाद केपी ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। नेपाल के अपदस्थ पीएम केपी ओली को लेकर अब एक नई जानकारी सामने आई है। केपी ओली अब सैन्य सुरक्षा से हटकर एक निजी आवास में रहने लगे हैं। इस बात की जानकारी सूत्रों के हवाले से दी है। बताया जा रहा है कि अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली ने नौ दिन सैन्य सुरक्षा कवच में बिताए। इसके बाद उन्हें अब उनके निजी आवास पर छोड़ दिया गया है। ओली ने 9 सितंबर को जेनजी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह तुरंत सेना के एक बैरक में चले गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि यह बैरक काठमांडू के उत्तर में शिवपुरी वन क्षेत्र में है। नेपाल सेना ने पुष्टि करते हुए बताया कि नौ दिनों तक सेना की सुरक्षा में रहने के बाद नेपाल कम्यूनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और नेपाल के अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली को एक निजी स्थान पर स्थांतरित कर दिया गया है। हालांकि, केपी शर्मा ओली के वर्तमान पते के बारे में किसी के पास जानकारी नहीं है। उनके इस नए पते का आधिकारिक तौर पर अभी खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ओली काठमांडू से करीब 15 किमी पूर्व में भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके में एक निजी घर में शिफ्ट हुए हैं। जेनजी प्रदर्शन 8 सितंबर को शुरू हुआ। इसके अगले दिन ही प्रदर्शनकारियों ने भक्तपुर के बालकोट स्थित ओली के घर को जलाकर राख कर दिया था। कहा जा रहा है कि केवल ओली ही नहीं, नेपाल के पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खनल, माधव कुमार नेपाल और अन्य वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियों ने भी कुछ दिनों के लिए सैन्य सुरक्षा में शरण ली थी। बताया जा रहा है कि केवल नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी, पूर्व विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ही सैन्य सुरक्षा में हैं।

विरोध प्रदर्शन के दौरान दंपती को चोटें आई थीं। इधर, ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल 19 सितंबर को संविधान दिवस के मौके पर ललितपुर जिले के च्यालल में एक अलग कार्यक्रम की योजना बना रही है। हालांकि, इस बात की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है कि इसमें केपी शर्मा ओली शामिल होंगे या नहीं। नेपाल में इस साल विक्रम संवत कैलेंडर के आशोज 3 को संविधान दिवस मनाया जाएगा। यह इस साल 19 सितंबर को है। 20 सितंबर 2015 को संविधानसभा द्वारा तैयार किए गए देश के संविधान के लागू होने का प्रतीक है।

# सिद्धिदात्री के हिंगलाजगढ़ में प्रज्वलित होगी शक्तिपीठों की ज्योति

## सभी ज्योति आज पहुचेंगी , 20 को सप्तदेव मंदिर में होंगे दर्शन

**कोरबा।** गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के सिद्धिदात्री दरबार परिसर स्थित निर्माणाधीन हिंगलाजगढ़ में आश्विन नवरात्र पर माता कालिका देवी, कामाक्षी देवी, माता कामाख्या देवी, माता वैष्णो देवी और मां शारदा भवानी मैहर और सिद्धिदात्री के साथ प्रतिकात्मक रूप में माता हिंगलाज देवी की अखंड ज्योति स्थापित की जाएंगी। वे यहां अनवरत प्रज्वलित होंगी।

आज सभी ज्योति कोरबा जिले में पहुंचने पर इन्हें उन मंदिरों में विराजित किया जाएगा जहां से इनकी यात्रा का शुभारंभ हुआ था 20 सितंबर को ये सप्तदेव मंदिर में होंगी जहां इनका पूजन-स्वागत होगा। इसके लिए भव्य तैयारी की जा रही है।समाज के सहयोग से सिद्धिदात्री दरबार में हिंगलाजगढ़ को शक्ति संपन्न बनाने के लिए कार्य जारी है। योजना के तहत सितंबर के दूसरे पखवाड़े में देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित पांच शक्तिपीठों से अखंड ज्योति लेने के लिए श्रद्धालुओं ने प्रस्थान किया। ज्योति लेने के साथ उनकी कोरबा वापसी हो रही है।

बताया गया कि कामाक्षी मंदिर की ज्योति बालाजी मंदिर बैगिनडभार, कामाख्या देवी की ज्योति राम मंदिर बालको, माता कालिका देवी की ज्योति जलाराम मंदिर, माता शारदा भवानी की ज्योति साडा मंदिर सरदार पटेल नगर दर्री, माता वैष्णोदेवी की ज्योति कुसमुंडा में भक्तों के दर्शन के लिए स्थापित की जाएंगी। इसके पश्चात अगले कार्यक्रम के अंतर्गत ये सभी सप्तदेव मंदिर में जाएंगी। 20 सितंबर को रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिवस 21 सितंबर को देवपहरी के लिए इनकी यात्रा शुरू होगी। उक्तानुसार सुबह 10 बजे यात्रा गढ़ उपरोड़ा के लिए प्रस्थान होगी। ढोढ़ीपारा, कोहडिया, रूमगरा, सोनपुरी, चुइया, अजगरबहार, गढक़टरा, सतरेंगा होते हुए गढ़-उपरोड़ा में रात्रि विश्राम होगा। 22 सितंबर को प्रात- 6 बजे यहां से पदयात्रा शुरू होगी। इसके अंतर्गत गढ़ उपरोड़ा, हरदीमौहा, डिंडासराई, देवपहरी गांव के बाद यात्रा सिद्धिदात्री मंदिर पहुंचेगी। यहां पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ अखंड ज्योति स्थापित की जाएगी।जानकारी दी गई कि अखंड ज्योति आने से पहले मंदिर परिसर में सभी ज्योति घट स्थापित किए जाएंगे। व्यवस्था के अनुसार मंदिर में ज्योति लाने वालों का तिलक आरती कर स्वागत वपांचों ज्योति का मंदिर में पूजन-अर्चन होगा। तत्पश्चात सभी ज्योति गर्भगृह में रखी जायेगी।मंदिर में माता सिद्धिदात्री का आह्वान कर उनकी अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित होंगी। संपूर्ण कार्यक्रम में मंदिर के पुरोहित और यजमान सपत्नीक शामिल होंगे।



### स्वागत के लिए दिया दायित्व

रविवार 21 सितंबर को शक्तिपीठों की अखंड ज्योति के स्वागत कार्यक्रम के लिए स्थान व प्रभारी तय किए गए है। जामबहार चौक में उपन, लक्ष्मण महंत, सोनपुरी में शंकर, चिरंजीव, चुइया में कुंती चंद्रा, करम सिंह, अजगरबहार में रितेश गुप्ता, ठाकुर लवभूषण, कृष्णा महंत प्रभारी है। माखुरपानी में अमर सिंह, विजय यादव, गढक़टरा में बहोरन सिंह, सतरेंगा में थान सिंह, धन सिंह कंवर, कदमझरिया में कौशल्या कंवर और गढ़-उपरोड़ा में जितेन्द्र देवांगन, अंशुमन प्रभारी है। हरदीमहुआ में पूरन सिंह, बलराम देवांगन और डिंडापाठ में जगदेव सिंह, बंधन सिंह को दायित्व दिया गया है। इन सभी की अगुवाई में प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार, रंगोली और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हिन्दू समाज करेगा।

## गौधाम संचालन हेतु आवेदन 30 सितंबर तक आमंत्रित

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से ''रुचि की अभिव्यक्ति '' 30 सितंबर 2025 दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा।

गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरुप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुसरण, अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी, आईटीआई रामपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। आवेदन हेतु प्रपत्र 07 तथा गौधाम योजना के दिशा निर्देश कोरबा जिले के वेबसाईट डाट कोरबा डाट इन से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## भारतीय अग्निवीर में थल सेना भर्ती रैली के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु पंजीयन

कोरबा। छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके।

अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

## सेवा पखवाड़ा-विकसित भारत: प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्पना थीम पर छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**कोरबा ।** नगरीय क्षेत्र कोरबा के बुधवारी स्थित जैन मंदिर परिसर में आज सेवा पखवाड़ा-विकसित भारत - प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना, थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ देश के सर्वांगिण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को सुंदर छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

छायाचित्र प्रदर्शनी का महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित गणमान्य नागरिक पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में आमजनों ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन वृतांत को सुंदर रूप से दर्शाया गया है। इसके साथ ही देश के प्रति उनके समर्पण और योगदान को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में आतंकवाद के खिलाफ मुंहतोड़ जवाब, देश के जवानों के प्रति सद्भाव, एक पेड़ मॉ के नाम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, उर्जा विकास, अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धि, डिजीटल माध्यम का उपयोग कर आर्थिक, सामाजिक, समानता को बढ़ावा देना और उनके जीवनी को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में लोगों को उनके जीवन की झलक देखने को मिली। साथ ही आमजनों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य जांच, महिला सशक्तीकरण की जानकारी मिली। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी में आए आमजनों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं शासकीय योजनाओं पर आधारित जनमन पत्रिका का आमजनों को वितरण भी किया गया। आमजनों ने कहा कि प्रदर्शनी में उन्होंने देश के प्रधानमंत्री के जीवन की घटनाओं और देश के विकास में उनके योगदान को नजदीक से जानने के साथ ही उनके द्वारा देश के सभी क्षेत्रों में विकास हेतु किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की भी जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं अखिल भारतीय तेरारापंथ युवक परिषद के समन्वय से जैन मंदिर बुधवारी कोरबा में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य की जॉंच एवं उपचार किया गया।

इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष श्री योगेश जैन, श्री गोपाल मोदी, डॉ. राजीव सिंह, सुश्री ऋतु चौरसिया, श्री अजय विश्वकर्मा, श्री नवीन मारकण्डेय श्री राजेश राठौर, पूर्व आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप जैन, श्री पारस जैन, जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कमलज्योति, जिला समन्वयक श्री आशुतोष गौरहा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. उदय शर्मा, श्री राजकुमार, डीपीएम श्री पद्माकर शिंदे, जनसंपर्क विभाग के श्री बसंत साहू, नंदकुमार सूर्यवंशी, प्रकाश दास, अशोक जाहिरे आदि उपस्थित थे।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु नामांकन 26 सितंबर तक आमंत्रित

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के साहस, शौर्य, वीरता एवं आत्मबल को सशक्त बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली राज्य की महिला प्रतिभाओं को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। सम्मान अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों की छानबीन कर सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां राज्य शासन को प्रेषित की जाएंगी। इच्छुक पात्र महिला आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 26 सितंबर 2025 तक कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरबा में जमा कर सकती हैं। निर्धारित आवेदन प्रारूप कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा इसका अवलोकन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी किया जा सकता है।

## कोरबा जिले में पोषण माह 2025 का हुआ शुभारंभ

**कोरबा ।** कोरबा जिले में 17 सितंबर को पोषण माह 2025 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह 2025 हेतु भारत सरकार द्वारा छह प्रमुख थीम निर्धारित की गई हैं मोटापे का समाधान - चीनी और तेल की खपत कम करना, स्थानीयता को बढ़ावा देना, ईसीसीई-पोषण भी, पढ़ाई भी,समेकित कार्यवाही एवं डिजिटलीकरण, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की प्रथाएं और मुख्यधारा में लाना। पोषण माह 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

## घरवालों ने शादी से इंकार किया तो प्रेमी-प्रेमिका ने डेम में छंलाग लगाई,युवती लापता

**कोरबा।** जिले के राताखार एनीकट डैम में एक युवक और युवती ने छलांग लगा दी। जिसमें से युवक को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन युवती अभी भी लापता है। दोनों को बचाने के प्रयास में एक पुलिसकर्मी ने नदी की तेज धारा में छलांग लगा दी, वह भी डूबते-डूबते बचे।हालांकि, उनके साथी ने ट्यूब फेंककर उनकी जान बचाई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना गुरुवार 18 सितंबर की सुबह 10 बजे की है। बताया जा रहा है कि युवक ने लगभग 25 फीट ऊंचे डेम से छलांग लगाई थी। डेम के ऊपर उसकी बाइक खड़ी मिली, जिससे आशंका है कि वह अकेला आया था।सबसे पहले वहां मौजूद मछुआरों ने युवक को टापू पर फंसा देखा और तुरंत 112 डायल कर कोतवाली थाने में सूचना दी। युवक को 5 घंटे के रेस्क्यू के बाद बचा लिया गया है। जिसका नाम राहुल है। उसने बताया कि वह युवती से प्यार करता है, घर वालों ने शादी से मना किया तो दोनों कूद गए थे। युवती को बचाने रेस्क्यू जारी है।ये राताखार एनीकट डैम में है, जहां युवक और युवती ने छलांग लगा दी। ये राताखार एनीकट डैम में है, जहां युवक और युवती ने छलांग लगा दी।पुलिस कर्मी भी बाल-बाल बचेजानकारी के मुताबिक, युवक को बचाने के लिए कोतवाली थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी चंद्रकांत गुप्ता और उनके दो साथी नदी में कूद पड़े। बचाव अभियान के दौरान चंद्रकांत गुप्ता तेज धारा में बहने लगे और उनकी जान खतरे में पड़ गई।हालांकि, मौके पर मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी ने सूझबूझ दिखाते हुए उन्हें ट्यूब फेंककर सुरक्षित निकाला। फिलहाल, नगर सेना की रेस्क्यू टीम टापू पर फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।गोताखोर युवती की तलाश में जुटे हुए हैं। शादी से मना किया तो लगाई छलांगपूछताछ में युवक ने बताया कि युवती से वह बेहद प्यार करता था और दोनों एक दूसरे को चाहते थे घर वालों ने शादी से इनकार किया जिसके चलते दोनों डेम के ऊपर से एक दूसरे का हाथ पकड़ कर छलांग लगा दिया।युवती का अब तक पता नहीं चल सका है । युवक ने खुद का नाम काशी नगर निवासी राहुल नामदेव पिता शांति लाल बताया है। वही लापता युवती एमपी नगर अटल आवास 22 वर्षीय शीलू त्रिपाठी बताया जा रहा है।



## 350 साला शहीदी शताब्दी नगर कीर्तन में शामिल हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी

### गुरु ग्रंथ साहेब मे माथा टेक मांगी दुआएं

**कोरबा ।** सिख पंथ के 9 वे गुरु श्री तेग बहादर साहिब जी के 350 साला शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पावन धार्मिक यात्रा हिंद दी चादर का आयोजन सिख समाज किया गया है यह ऐतिहासिक नगर कीर्तन यात्रा का आज कोरबा में आगमन हुआ है यह यात्रा 21 अगस्त से गुरुद्वारा डुमरी साहिब असम से प्रारंभ होकर कई राज्यों से होते हुए आज कोरबा पहुंची है इस पवित्र यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री गोपाल मोदी शामिल हुए और गुरु ग्रन्थ साहेब मे माथा टेक कर जिले वासियों के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की उपाध्यक्ष श्रीमती कमला बरेठ, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, मंत्री सतीश झा, मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सिख समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे।



## की गई आंख की जांच

कोरबा । जिला परिवहन कार्यालय कोरबा में एक दिवसीय नेत्र परीक्षण जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर का लाभ लेते हुए अनेक लोगों ने अपनी आंखों का जांच कराया। शिविर में उपस्थित नेत्र चिकित्सक द्वारा जांच करते हुए कई लोगों को आवश्यक सुझाव एवं उपचार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।जिला परिवहन कार्यालय कोरबा द्वारा सेवा पखवाड़ा - 2025 के तहत गुरुवार 18 सितंबर को एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय में किया गया था। इस शिविर का लाभ कई लोगों ने उठाया।

## साफ-सफाई केवल कार्य ही नहीं, सेवा भी हैं : संजूदेवी

### सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में पहुंची महापौर

कोरबा। स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ के बीच गहरा संबंध हैं, गंदगी एक ओर जहॉं हमें बीमार करती हैं, हमारे स्वास्थ को हानि पहुंचाती है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई बीमारियों को दूर भगाकर हमें अच्छा स्वास्थ प्रदान करती है। उन्होने आगे कहा कि निश्चित रूप से साफ-सफाई केवल कार्य ही नहीं है, बल्कि वह महत्वपूर्ण सेवा भी है, हमारा कर्तव्य है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएं।उक्त कथन महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सुलभ इंटरनेशनल नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में कही। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाईजेशन नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा विवेकानंद उद्यान के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय परिसर में स्वच्छोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था व वहॉं की स्वच्छता का अवलोकन किया तथा संस्था के प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्वच्छता बनी रहे, शौचालयों की नियमित रूप से पूर्णत: सफाई हों, इस हेतु निरंतर व्यवस्थाएं बनाए रखें। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक शौचालयों में विशेष साफ-सफाई कार्य कराए गए, इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई तथा शहर को साफ-सुथरा रखने, साफ-सफाई कार्यो में अपनी-अपनी सहभागिता देने का आव्हान किया।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण कार्यों का करायें सत्यापन : कलेक्टर

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिल गांवों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनका सत्यापन कर ग्रामीणों को समय पर पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधूरे कार्यो की जानकारी लेते हुए इन कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल ग्राम और समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा की और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत एतमानगर मल्टीविलेज जल आपूर्ति योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश देते हुए पाइप लाइन बिछाने के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना की जानकारी लेते हुए स्रोत निर्माण के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी टंकी निर्माण, सोलर डयूल पंपो की स्थापना सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मां मड़वारानी मंदिर एवं मां मातिनदाई मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु पाइपलाइन बिछाने के स्वीकृत कार्यों की चर्चा करते हुए पीएचई के ईई को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियन्ता श्री रमन कुमार उरांव, जल संसाधन विभाग, क्रेडा के अधिकारी उपस्थित थे।

## आईटीआई पाली में प्रवेश हेतु पंजीयन 21 सितंबर तक

कोरबा । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में प्रवेश सत्र 2025-26, 2025-27 हेतु संचालित एनव्हीटी व्यवसाय-कोपा, फिटर, मोटर मेकेनिक और वेल्डर में प्रवेश उपरांत शेष बचे हुए सीटों के लिए 21 सितंबर तक आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट सीजीआईटीआई डाट एडमिशन्स डाट एनआईसी डाट इन पर जाकर आनलाइन फार्म भर सकते हैं।

## गड़बड़ी की शिकायत पर शासकीय उचित मूल्य दुकान नोनबिर्रा को किया गया निलंबित

कोरबा शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के संचालक संस्था ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के संबंध में प्राप्त शिकायत- बिना राशन दिए ग्रामीण से लगवाया जा रहा फिंगर बिना खाद्यान्न वितरण राशनकार्ड में की जा रही एंट्री के आधार पर तत्काल खाद्य निरीक्षक पाली से जांच कराई गई। खाद्य निरीक्षक पाली से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के संचालक संस्था ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के संचालक/ विक्रेता श्री प्रेमलाल कंवर के द्वारा माह जून से अगस्त 2025 का एकमुश्त 03 माह के चावल वितरण हेतु कुछ राशनकार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर 02 माह जून एवं जुलाई 2025 का चावल वितरण किया गया है। खाद्य निरीक्षक पाली द्वारा दिनांक 25.08.2025 को भौतिक सत्यापन में उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के चावल- 26.10 क्विंटल, नमक 10.27 क्विंटल एवं शक्कर 0.51 क्विंटल कमी होना प्रतिवेदित किया गया है।खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान संचालक संस्था द्वारा हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न वितरण में अनियमितता तथा भौतिक सत्यापन में पाई गई खाद्यान्न सामग्री की कमी का उक्त कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों तथा निष्पादित अनुबंध पत्रों का स्पष्ट उल्लंधन करना पाया गया। जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धार 3/7 के तहत दण्डनीय है। जिस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा पत्र कमांक 1789 दिनांक 12.09.2025 के माध्यम से उचित मूल्य दुकान संचालक / विक्रेता श्री प्रेमलाल कंवर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब आहूत किया गया है तथा आदेश क्रमांक 1790 / अ.वि.अ. (रा.) / खाद्य शाखा / 2025 पाली दिनांक 12.09.2025 अनुसार ग्राम पंचायत नोनबिर्रा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के द्वारा छत्तीसगढ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के

## पीएम सूर्यघर से सूरज देगा ऊर्जा, बदलेगा जिंदगी का हर कोना

**कोरबा ।** देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और हर घर तक स्वच्छ, सस्ती एवं निरंतर बिजली पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल नागरिकों को बिजली बिल से हमेशा के लिए राहत दिला रही है, बल्कि परिवारों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी क्रांतिकारी योगदान दे रही है। छत्तीसगढ़ में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावी और संवेदनशील ढंग से किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा को अपनाने की गति तेज हुई है। विशेषकर कोरबा जिले में, जहाँ पहले पारंपरिक बिजली उत्पादन पर निर्भरता अधिक थी।

देश की पावर कैपिटल कहलाने वाले कोरबा जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रभाव विशेष महत्व रखता है। यहाँ अनेक परिवार इस योजना का लाभ उठाकर हर महीने बचत कर रहे हैं और बिजली बिल आने जाने के झमेले से मुक्त हो रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रेरक उदाहरण हैं नकटीखार, कोरबा निवासी रंजीत कुमार है, जिन्होंने अपने परिवार के जीवन में ऊर्जा क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया है।

श्री रंजीत कुमार जो एसईसीएल, कुसमुंडा में डंपर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, मेहनतकश व्यक्ति हैं। हर महीने आने वाला बिजली बिल, परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें और बच्चों की पढ़ाई के खर्चों के बीच बिजली बिल अक्सर उनके बजट को बिगाड़ देते थे। यही कारण था कि जब प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आवेदन कर इसका लाभ उठाने का निश्चय किया। दो माह पहले आवेदन करके उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल सिस्टम लगवाया। जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए रही, 78 हजार रुपए केंद्र सरकार की सब्सिडी पहले ही मिल चुकी है। शेष राशि में उन्होंने सस्ती व आसान दर पर लोन लेकर तथा कुछ नकद भुगतान देकर किया। सिर्फ कुछ हफ्तों में ही यह निवेश उनके जीवन के लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हुआ। पहले जहां उनके घर का बिजली बिल हर महीने एक हजारों रुपए तक पहुँच जाया करता था, वहीं अब सौर ऊर्जा से चल रहे घर का मासिक बिल मात्र 130 रुपए आ रहा है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण की भी बड़ी मित्र है। सौर ऊर्जा से न केवल कोयला और डीज़ल जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण में भी भारी कमी आती है। कोरबा जैसे औद्योगिक जिले में, जहाँ कोयला आधारित बिजली उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, वहां सौर ऊर्जा का बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण में ऐतिहासिक योगदान है। परिवारों को बिजली बिल से मुक्तिमिल रही है, घरों में रोशनी और उपकरणों का संचालन संभव हो रहा है, लोग ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

श्री कुमार और उनके परिवार ने बताया अब हमें बिजली बिल की चिंता नहीं रहती। सौर पैनल ने हमारी जिंदगी आसान बना दी है। बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होती और घर के उपकरण भी बिना रुकावट चलते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार, जिन्होंने हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना शुरू की। साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को भी धन्यवाद, जिनके नेतृत्व में यह योजना प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू हो रही है।आज उनका घर न केवल रोशन है बल्कि ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक आदर्श भी बन गया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर सही नीतियाँ और सशक्त क्रियान्वयन हो तो आमजन का जीवन बदल सकता है। यह कहानी उन हजारों परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो अब तक बिजली का स्थाई उपाय ढूंढ रहें थे। यह योजना उन्हें आत्मनिर्भरता, आर्थिक मजबूती और स्वच्छ ऊर्जा की राह पर ले जा रही है।

## कोयले की कमी से जूझ रहा बालको का संयंत्र

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड के विद्युत संयंत्र कोयले की कमी से जुझ रहे हैं। एसईसीएल से कोयले की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही है।यहां बताना होगा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वेदांता समूह का भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड स्थित है। बालको के 1200 मेगावाट एवं 540 मेगावाट क्षमता के दो विद्युत संयंत्र प्रचालन में है। 540 मेगावाट क्षमता वाला संयंत्र पूर्णत: केप्टिव श्रेणी का है। इसी तरह 1200 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र की 3 एवं 4 नम्बर केप्टिव श्रेणी की है। 1 एवं 2 नम्बर इकाई से उत्पादित बिजली की बिक्री की जाती है।कुल 1740 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र के लिए 85 प्रतिशत पीएलएफ की स्थिति में 27 हजार टन से अधिक कोयले की आवश्यकता होती है। बालको को स्वंय की खदान एवं एसईसीएल से सब ग्रुप प्लान के माध्यम से कोयला मिलता है। इधर, बताया गया है कि एसईसीएल से ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जानकारी के अनुसार बालको के पास महज 3 दिनों का ही कोल स्टॉक है। एसईसीएल से पर्याप्त कोयला नहीं मिलने की स्थिति लंबे समय से बनी हुई है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** जिला नोडल संस्था, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोरबा के अंतर्गत कोरबा जिले की विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित व्यवसायों के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत पद के रिक्त पदों के विरूद्ध प्रशिक्षण सत्र 2025-26 हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोरबा में स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटरियल एस्टेट (हिंदी) 01 पद, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पाली में फिटर 01 पद और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, करतला में कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) 01 पद रिक्त है।

# पामगढ़ विधायक का वॉयरल ऑडियो से मचा हंगामा, शेषराज ने बताया साजिश

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पामगढ़ विधानसभा के कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश का कथित वॉयरल ऑडियो क्षेत्र में सनसनी फैला रहा है। ऑडियो में विधायक और रेत कारोबारियों के बीच पैसे के लेन-देन की बातचीत बताई जा रही है। इसमें हर महीने कलेक्टर, एसडीएम और खुद विधायक सहित अन्य को लाखों रुपये देने की डील की चर्चा सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह बातचीत रोशन नामक व्यक्ति से हुई है। ऑडियो सामने आने के बाद विधायक ने जांजगीर में प्रेसवार्ता कर अपना पक्ष रखा और इसे फर्जी बताते हुए कहा कि यह,ढ्ढ द्वारा एडिटेड ऑडियो है, जिसे उनकी छवि खराब करने के लिए वायरल किया गया है।



जिले में रेत कारोबार में पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगते रहे हैं, वही अब 6 ऑडियो क्लिप्स वायरल हुए है जिसमें विधायक शेषराज हरवंश पर रेत माफिया से कलेक्टर,स्ष्ठरू राघवेन्द्र सिंह और खुद के लिए हर महीने कुल 10 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया जा रहा है, इन्हीं ऑडियो में अवैध उत्खनन के दौरान पकड़े गए वाहनों को छुड़वाने के लिए लेन-देन की बात भी सामने आई है। प्रेसवार्ता में विधायक शेषराज हरवंश ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग और भाजपा पदाधिकारी मिलकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं, और उनके खिलाफ ऑडियो को एआई से एडिट कर वायरल किया गया। लेकिन 6 ऑडियो में से एक ऑडियो सही होने की स्वीकार की है, उसमें वे अधिकारियों से चालान काटने और गाड़ी छुड़वाने की बात कर रहे हैं, लेकिन यह भी कहा कि यह करीब एक साल पुराना मामला है, और अन्य ऑडियो को जांच करने ओर आरोपियों में उन्होंने इस मामले में स्नढ्ढक्र दर्ज कराने की बात कही है।



## आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने गांवों में लगा रहे शिविर

**रायगढ़।** आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और आमजन को प्राकृतिक उपचार पद्धति से जोडऩा है। बुनगा क्षेत्र में डॉ. अजय (एमएस), आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रति माह कम से कम पांच गांवों में शिविर लगाया जा रहा है। अब तक बुनगा क्षेत्र के 10 से 15 गांवों में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। सितंबर माह में शिविरों के माध्यम से अब तक 527 ग्रामीणों को लाभ मिला है। शिविरों में वात रोग, उच्च रक्तचाप, उदर विकार, कास (खांसी), चर्म रोग और कमजोरी जैसे रोगों से पीड़ित मरीज अधिक संख्या में पाए गए। इन रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया गया। शिविरों में डॉ. जागृति पटेल द्वारा ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली, बीपी व शुगर से बचाव, योगासन और वातरोग व जरारोग से जुड़ी जानकारी दी गई।


# विधायक कश्यप की उपस्थिति में युवकों ने किया कांग्रेस प्रवेश



**जांजगीर-चाम्पा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चाम्पा की विस्तारित बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी आशीष सिंह ठाकुर एवं जांजगीर-चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप तथा जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की नीति से प्रभावित होकर जांजगीर नगर के युवा नेता लाला राठौर ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश लिया। लाला राठौर के साथ शिव शंकर टंडन, दिनेश सिरमौर, कुंभ सारथी, गोलू सारथी, रवि यादव, विकी पैगवार, ईश्वर साहू, अजित राठौर ने भी कांग्रेस का गमछा पहन कांग्रेस प्रवेश किया। विदित हो कि अकलतरा रोड जांजगीर स्थित होटल हरियाली हेरीटेज में 7 सितंबर रविवार को संगठन सृजन अभियान के तहत मंडल एवं सेक्टर पुनर्गठन कार्य की समीक्षा एवं 9 सितंबर को बिलासपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली की तैयारी के लिये बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सदस्य लोकेश राठौर, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के नेता प्रतिपक्ष प्रिंस शर्मा, महिला कांग्रेस कमेटी से श्रीमती सीमा शर्मा सहित पार्टी के सक्रिय कार्यकर्तागण विशेष रूप से मौजूद रहे।

## देवी दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**जांजगीर-चाम्पा।** सनातन धर्म के मुख्य व्रत-त्योहारों में से एक नवरात्रि को विशेष त्योहार माना जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि सोमवार 22 सितम्बर से प्रारंभ हो रही है। नवरात्र में अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। इस तारतम्य में जिला मुख्यालय जांजगीर के विशाल भीमा तालाब के किनारे विराजी मां भगवती देवी दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुदीप उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती देवी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी जोरो पर है। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के साथ नवरात्र प्रारम्भ होगा। मंदिर परिसर को साफ-सफाई कर रंग-रोगन किया जा रहा हैं। इस वर्ष मंदिर के चारो तरफ को आकर्षक लाईटे व झालरो से सजाया जा जायेगा। गौरतलब हैं कि नवरात्रि के दोनो पर्व पर भक्तगण दूर-दूर से मां देवी दाई का दर्शन करने पहुंचते है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है। जिसका रसीद कटना माह भार पहले से शुरू कर दी गयी। मां के भक्त जो है अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए आस्था के ज्योत जलवाते है। 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्र महापर्व में अत्यंत भक्तिमय माहौल जांजगीर के पुरानी बस्ती में देखने को मिलता हैं।



# बैरिस्टर स्मृति समारोह में हुआ विविध कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह कचहरी चौक जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) में आयोजन किया गया।

कचहरी चौक जांजगीर में स्मृति समारोह के शुभारंभ के अवसर पर विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह व सुपुत्री श्रीमती रत्नावली सिंह, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक, कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, किसानों और नागरिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला बनने के बाद जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला और बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का यह आयोजन सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। इस समारोह ने जिले को पहचान दिलाई है। उन्होंने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते श्रद्धांजलि दी एवं उनके योगदान को स्मरण किया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवक, राष्ट्र सेवक थे, उन्होंने हर वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य किया है।



विधायक अकलतरा राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं स्वयं बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के परिवार से हूँ, इसलिए उनके जीवन की अनेक कहानियाँ और प्रसंग मुझे बचपन से ही सुनने को मिलते रहे हैं। बैरिस्टर साहब ने समाज के सभी वर्गों को लोगों को उनका अधिकार दिलाया। उन्होंने बहुत से सामाजिक सुधार और समानता के प्रयासों के कार्य किए है। बैरिस्टर साहब वकालत करके बहुत सहज जीवन जी सकते थे, लेकिन उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिये।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल हमारे जांजगीर के गौरव हैं। उनका योगदान केवल हमारे क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान निर्माण में अद्वितीय रहा है। आजादी की लड़ाई में उनका साहस और समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं अपने नौजवान भाइयों-बहनों से आग्रह करती हूँ कि हम सभी को उनके जीवन से निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें अपने जिले और राज्य का नाम रोशन करना है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के माध्यम से उन महापुरुषों को स्मरण कर सकें, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुष भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच न रहें, लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग हमेशा समाज और देश के भीतर जीवित रहते हैं। बैरिस्टर साहब का संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता संग्राम और देशप्रेम की ज्वाला को प्रज्वलित करने में समर्पित रहा।

पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का योगदान अविस्मरणीय रहा। उसके पश्चात उन्होंने संविधान सभा में देश की सेवा की। इस आयोजन के माध्यम से हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों और नागरिकों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रशासन और शासन द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित ही समाज को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि आज हम यहाँ एक विराट व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में एकत्र हुए हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का व्यक्तित्व बहुआयामी और समावेशी था। वे एक समृद्ध जमींदार परिवार से थे, किंतु उन्होंने वैभव और सुविधा का जीवन छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम की कठिन राह चुनी। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लड़ाई में उन्होंने इस अंचल ही नहीं, पूरे देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र श्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि समाज में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो क्षेत्रीय या सामाजिक सीमाओं से ऊपर उठकर सबके लिए प्रेरणा बन जाते हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का जीवन इसी का प्रतीक है। अधिकांश लोग उनके योगदान और विचारों से प्रभावित रहे हैं, क्योंकि उनका आचरण और व्यवहार सदैव उत्कृष्ट और प्रेरक रहा है। मैं विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ कि वे खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य करें। यही बैरिस्टर साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जांजगीर में दो कपड़े की खरीदी पर दिया जा रहा है 4 फ्री

## विशेष ऑफर पर दुकानों में लग रहा ग्राहकों का भारी भीड़

**जांजगीर चांपा ।** स्थानीय नेताजी चौक के पास संचालित आदित्य प्लाई एवं कपड़ा दुकान में त्यौहारी सीजन के पहले कपड़ों की खरीदी पर विशेष ऑफर दिया जा रहा है। यहां काब कंपनी का विशेष शोरूम विगत एक वर्ष से संचालित है जहां 70 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ कपड़े की बिक्री की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को कंपनी के विशेष ऑफर का लाभ मिल सके। नेताजी चौक के पास संचालित आदित्य रेडीमेड काब शोरूम में एक कपड़े की खरीदी पर दो कपड़ा फ्री एवं दो कपड़े की खरीदी पर चार कपड़ा फ्री का प्रावधान रखा गया है। कुल मिलाकर दो कपड़ा खरीदने पर ग्राहकों को 6 कपड़े मनपसंद मिल रहे हैं। जिससे ग्राहकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जहां ग्राहक लगातार पहुंचकर खरीदी कर रहे हैं । यह शोरूम विशेष कर काब कंपनी की है जहां फॉर्मल पैंट, जींस, ट्राउजर, शर्ट, टी-शर्ट, कैजुअल शर्ट के अलावा बेल्ट, जूता,जांघिया, बनियान और मोजा, रुमाल आदि वस्तुएं एक ही छत के नीचे ग्राहकों को मिल रहा है। यह अवसर ग्राहकों के लिए सुनहरा दिखाई दे रहा है जिस कारण से ग्राहक यहां स्वयं पहुंच रहे हैं।



ज्ञात हो कि काब कंपनी इटली की कंपनी है जो ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष सस्ते दामों पर कपड़े का निर्माण कर रही है। जिसमें पेट, टाउजर,शर्ट के अलावा जूता मोजा तक उपलब्ध करा रही है। यहां 999 रुपए में अच्छे क्वालिटी के जूते उपलब्ध है जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रहा है । शंकर सिंघानिया के फार्म में यह सुविधा विशेष रूप से दीपावली के पूर्व ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है ताकि ग्राहक इस 70 प्रतिशत सुनहरे ऑफर का लाभ ले सके। क्योंकि अन्य कंपनियों में इस तरह की छूट बहुत ही कम ही मिलता है। जिसका लाभ लेने के लिए अब ग्राहक पहुंचने लगे हैं जहां लगातार भीड़ बढ़ने लगी है।

## बड़ी बहन ने किया मर्डर, कोर्ट ने दी उम्र कैद की सजा

**रायगढ़।** जिले में बड़ी बहन ने अपनी छोटी बहन को मार डाला। दोनों बहन ग्राम पतरापाली की रहने वाली थी। उनके बीच अक्सर खाना बनाने को लेकर विवाद होता रहता था। घटना वाली रात नेहा महतो (20 साल) ने छोटी बहन को लौकी छीलने और खाना बनाने कहा, मना करने पर खलबट्टे से सिर पर मार दिया।

मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। बहन के चिल्लाने से घर वाले जाग ना जाए, इस डर से नेहा ने खलबट्टे से बार-बार बहन के सिर पर मारा। गंभीर चोट के कारण रंजिता कुमारी की जान चली गई। घटना अप्रैल 2024 की है। कोर्ट ने आरोपी बहन को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मृतका रंजिता के परिजनों ने कोतरा रोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक, रायगढ़ के जिंदल रोड पतरापाली में रहने वाले दिनदयाल महतो की तीन बेटियां थीं। बड़ी बेटी रेखा की शादी हो चुकी है, जबकि नेहा और रंजिता अपने माता-पिता के साथ ही रहती थीं। आरोपी नेहा कुमारी महतो (20 वर्ष) मृतका रंजिता की बड़ी बहन है। रंजिता घर में सिलाई का काम करती थी, जबकि नेहा घरेलू और रसोई के कामों में हाथ बंटाती थी। घर के कामों को लेकर दोनों बहनों में अक्सर कहासुनी और छोटी-मोटी मारपीट होती रहती थी। नेहा, रंजिता से काम में मदद मांगती थी, लेकिन रंजिता उसका साथ नहीं देती थी, जिससे विवाद बढ़ते जा रहे थे।

गत 24 अप्रैल 2024 की रात करीब 9 बजे, नेहा ने रंजिता से लौकी छीलने और खाना बनाने को कहा, लेकिन रंजिता ने मना कर दिया। इस पर नेहा ने नाराज़ होकर कहा, अगर खाना नहीं बनाएगी, तो खाएगी भी नहीं। इसके बाद नेहा ने खुद खाना बनाकर रख दिया। थोड़ी देर बाद रंजिता ने ताना मारते हुए कहा कि वह खाना खा चुकी है और कमरे में जाकर सो गई। इससे नेहा का गुस्सा और भड़क गया। उसने अपने पिता को दुकान से शक्कर लाने भेजा और रसोई में रखे लोहे के खलबट्टे से रंजिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया।

रंजिता के चिल्लाने पर नेहा को डर हुआ कि मां जाग जाएगी, इसलिए उसने दोबारा वार कर दिया। रंजिता की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद नेहा ने शव को कंबल से ढक दिया, कमरे की लाइट बंद की और वहीं बैठ गई। कुछ देर बाद नेहा ने मां को ड्यूटी के लिए उठाया और दोनों ने साथ में खाना खाया। मां ने पूछा कि रंजिता ने खाना खा लिया क्या, तो नेहा ने जवाब दिया कि वह खाकर सो गई है।

मां के ड्यूटी पर जाने के बाद नेहा रातभर उसी कमरे में मृत बहन के पास बैठी रही। अगली सुबह उसने अपने पिता से कहा कि रंजिता को उठाएं। जब पिता कमरे में पहुंचे तो उन्होंने बेटी को मृत पाया।

## मान्यता के बगैर चल रहे प्ले स्कूल,शिक्षा सचिव की जगह संयुक्त सचिव ने दिया जवाब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने शिक्षा विभाग के अफसरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जमकर फटकार लगाई।

दरअसल, प्रदेश में बगैर मान्यता के चल रहे नर्सरी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से जवाब मांगा था। लेकिन, सुनवाई के दौरान संयुक्त सचिव ने शपथ पत्र दिया। इस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी छूट के लिए आवेदन जरूरी है।

हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से ही शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं। उन्हें बताने को कहा गया है कि बगैर मान्यता के चल रहे नर्सरी स्कूलों पर क्या कार्रवाई की? अब केस की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। बिना मान्यता के चल रहे नर्सरी स्कूलों के खिलाफ आरटीआई कार्यकर्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

# शक्ति का उभरता सितारा

**सक्ती।** मॉडलिंग आइकॉन एजेंसी के प्रतिष्ठित पेजेंट स्टार फेस ऑफ इंडिया 2025 के शानदार ग्रैंड फिनाले में गौरव सोनी ने अपना करिश्मा, आत्मविश्वास और शानदार उपस्थिति से सबको प्रभावित करते हुए मिस्टर छत्तीसगढ़ स्टार फेस 2025 का ताज अपना नाम कर लिया।

देश के कोने-कोने से आये हजारों प्रतिभाशाली प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर, गौरव ने अपनी कड़ी मेहनत, स्टाइलिश रवैया और अपराजेय आत्मविश्वास के दम पर ये प्रतिष्ठित खिताब जीता।

सक्ती नगर के निवासी और बाबूलाल सोनी के सुपूत, गौरव ने अपनी स्कूली शिक्षा सक्ती, बेमेतरा और रायपुर में पूरी की। फ़िलहाल वो कोयंबटूर, केरल में पेशेवर रूप से सक्रिय हैं।

ये गौरवपूर्ण क्षण सिर्फ गौरव के लिए ही नहीं, बल्की उनके परिवार, शुभचिंतक और शुद्ध छत्तीसगढ़ के लिए भी एक स्वर्णिम अध्याय बन गया है। 12-14 सितंबर 2025 तक इंदौर (मध्य प्रदेश) में हुए इस मेगा-इवेंट के बाद उनके घर और सोशल सर्कल में बधाइयों की बारिश हो रही है।

जजिंग पैनल ने विजेताओं का चयन प्रतिभा, सौंदर्य, आत्मविश्वास और त्रुटिहीन प्रस्तुति के आधार पर किया। सभी मापदंडों पर गौरव ने अपना बेजोड़ आकर्षण दिखाया और सबको अपनी तरफ आकर्षित कर लिया।




अब मिस्टर छत्तीसगढ़ 2025 - स्टार फेस का ताज जीत कर गौरव ने एक नई प्रेरणा और बेंचमार्क सेट किया है। उनकी ये जीत उन्हें आगे चलकर मॉडलिंग और एक्टिंग इंडस्ट्री में नए आसमान तक ले जा सकती है।

# जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर ने किया सेठ का उद्धाटन

**जांजगीर चांपा।** बलौदा विकास खंड के बालक प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में शिक्षकों के सहयोग से निर्मित शेड का उद्घाटन ग्राम के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती की पूजन पश्चाद् फीता काटकर किया गया,इस विद्यालय के पूर्व प्रधान पाठक संजय अवस्थी जब सेवानिवृत हुए तो उन्होंने 21 हजार का दान स्कूल के लिए किए थे जिसमें शिक्षक अशोक तिवारी ,यशवंत देवांगन,और घनश्याम शुक्ल ने सहयोग करके बच्चों के लिए शेड का निर्माण कराए ताकि दोनों स्कूलों के बच्चों को एक साथ बैठकर कोई भी कार्यक्रम कराया जा सके।इस अवसर पर उपस्थित जनपद सदस्य एवं सभापति चूड़ामणि राठौर ने इन दान करने वाले शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि यह स्कूल के प्रति इनके प्रेम का परिणाम है उन्होंने शेष बचे खुले स्थान को अपनी ओर से टिन से छाजन कराने की घोषणा किए। जिला पंचायत प्रतिनिधि राजेंद्र राठौर ने अपनी ओर से स्कूल को हर संभव मदद करने को कहा। सरपंच कृष्ण कुमारी शिव सिंह ने शिक्षकों के इस कार्य की प्रशंसा किए। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला ऐ पी सी हेमलता शर्मा ने अशोक तिवारी और अवस्थी सहित इन शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए अनुकरणीय बताया।इस अवसर पर प्रधान पाठक राजू देवांगन ने दो नग स्टैंड पंखा अपनी ओर से दान में दिए।कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष चंद्र कुमार राठौर ने इस अवसर पर अशोक तिवारी द्वारा विद्यालय में लगाए गए पेड़ और अन्य कार्य की तारीफ किए। कार्यक्रम में शिक्षक चूड़ामणि पटेल को नवोदय विद्यालय में उनके बच्चे का चयनित होने पर सम्मानित किया गया था अमृतलाल साहू को राज्यपाल पुरस्कार पाने पर सम्मानित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन नरेश देवांगन ने तथा आभार राजू देवांगन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दोनों स्कूल के शिक्षक,बच्चे और अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ दण्डाधिकारी कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./ अ-2/2024-2025
ग्राम-कटघोरा, तहसील-कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित आम जनता/संस्थान को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित कुमार जायसवाल पिता शिवनंदन जायसवाल, जाति-कलार, निवासी-पुरानी बस्ती कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं.10, तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 352/4 रकबा 0.049 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो तो दिनांक 26.09.2025 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर से जारी किया गया।

सील

**सक्षम प्राधिकारी**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा, शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025
तरुण छत्तीसगढ़



## अनमोल वचन......

जितना कठिन संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी.

## भारत और मॉरीशस संजीदगी से बढ़ेंगे

*भारत और मॉरीशस ने फैसला किया है कि अब दोनों देश स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की दिशा में संजीदगी से बढ़ेंगे। वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और मॉरीशस महज पार्टनर नहीं, बल्कि परिवार हैं। पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूप कार्ड की शुरुआत हुई थी और अब दोनों देशों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने का मन बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता के पक्ष में रहा है, और मुक्त, खुला, सुरक्षित, स्थिर तथा समृद्ध हिन्द महासागर हमारी साझी प्राथमिकता में रहा है।*

*मॉरीशस, भारत की पड़ोसी प्रथम और विजन महासागर का एक अहम स्तंभ है। इस हिन्द महासागरीय देश के साथ सात करार हुए हैं। करीब छह हजार करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की भी घोषणा की गई है ताकि मॉरीशस अपने बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर कर सके। माना जा रहा है कि पैकेज से मॉरीशस में रोजगार की स्थिति बेहतर होगी। भारत की इच्छा है कि मॉरीशस इतना समृद्ध हो ताकि हिन्द महासागर में अपनी समुद्री स्थिति को खासी मजबूत कर सके। भारत और मॉरीशस के बीच उनके  नागरिकों के बीच सहोदर भाव से खास मजबूती मिलती है। भारतीय संस्कृति का यह देश विस्तार सरीखा दिखलाई पड़ता है। वहां की आबादी का बड़ा हिस्सा उन लोगों का है, जिनके पूर्वज उन्नीसवीं शताब्दी में बिहार और उत्तर प्रदेश से 'गिरमिटिया' श्रमिक के रूप में इस पूर्वी अफ्रीकी देश पहुंचे थे। वहां उन्हें कृषि खासकर ईख की खेती में लगाया गया। मॉरीशस की प्रगति में भारतीय मूल के इन लोगों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। बाद के कालखंड में इनके वंशज मॉरीशस में नीति-नियंता की भूमिका में उभरे। देश की बागडोर उन्होंने संभाली। मौजूदा प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के पूर्वज भी भारत से वहां पहुंचे थे। आज भारतीय मूल के मॉरीशस के नागरिक दोनों देशों को खास आयाम दे रहे हैं। भारत ने शुरू से ही मॉरीशस के प्रति सहयोगी भाव रखा है। उसे आर्थिक सहयोग के मामले में प्राथमिकता पर रखा है। भारत तकनीकी लिहाज से मजबूत आधार रखता है, और मॉरीशस को सहयोग में तकनीकी पहलू को अच्छे से जोड़ सकता है। स्वास्थ्य भी ऐसा ही एक क्षेत्र है, जिसमें भारत की प्रगति और उपलब्धियों से मॉरीशस लाभान्वित हो सकता है।*

## राशिफल

**मेष :** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**बृषभ :** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी का स्नेह मिलेगा।

**कर्क :** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**सिंह :** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराशा करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कन्या :** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुला :** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आलस्य न करें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**धनु :** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कार्य में समय ब्यर्थ जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा।

**मकर :** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यों में न गंवाए। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूरे करें।

**मीन :** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्यों से परिजनों के दिल में जगह बनाये विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति से प्रसन्न रहेंगे।

# मोदी का ट्रैम्पोलिन-क्या हम छलांग लगा पाएंगे

//सद्गुरु जग्गी वासुदेव//

**पिछली शताब्दियों में मानवता ने जो चुनाव किए हैं, वे हमें संकट की कगार पर लेकर आए हैं। जिस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्थाओं,  अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी, अपनी शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था, अपने युवाओं और अगली पीढ़ी के पालन-पोषण को संभाला है, उसने हमें  हमें इस अस्थिर स्थिति तक पहुंचा दिया और दुनिया को संकट की दहलीज पर ला खड़ा किया है। आज अलग-अलग जगहों पर युद्ध, अस्थिर आर्थिक ढांचे, तेज़ी से बिगड़ती पारिस्थितिकी और बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं,  मानसिक स्वास्थ्य महामारी और नशे की लत जैसी समस्याएं, ये सब इसके प्रमाण हैं।**

इसका मतलब विनाश और निराशा की तस्वीर पेश करना नहीं है। बदलाव की स्थिति, दरअसल संभावनाओं की स्थिति होती है। आज जो फैसले हम करेंगे, वे हमें या तो बड़े परिवर्तन की ओर ले जा सकते हैं या फिर पतन की ओर धकेल सकते हैं। 8.5 अरब की आबादी के साथ हम एक भारी-भरकम मानव जाति हैं, लेकिन अभी तक उस चेतना के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, जहां हम एकजुट होकर सामूहिक निर्णय ले सकें।

हम सरकारों, क़ानूनों और नेतृत्व पर भरोसा करते हैं कि वे पूरी दुनिया को दिशा दें। ऐसे समय में यह बहुत अहम है कि हम अपने लिए किस तरह का नेतृत्व चुनते हैं। अगर हम पृथ्वी का एक टिकाऊ और सुंदर भविष्य चाहते हैं, तो हमें वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को सही मायने में अपनाना होगा। यह उपयुक्त है कि भारत, जिसने हमेशा सबको जोड़कर रखने की भावना को महत्व दिया है, ने नरेंद्र मोदी जैसे नेता को चुना है, जो इन मूल्यों को गहराई से मानते हैं। कई मायनों में भारत ने ऐसा नेतृत्व सामने रखा है जो उसकी आत्मा, उसकी संस्कृति और संस्कारों से मेल खाता है। यह बहुत ज़रूरी है। सिर्फ इसलिए नहीं कि समावेशिता  सही रास्ता लगती है, बल्कि इसलिए कि आने वाले समय में समावेशिता ही एकमात्र रास्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार दुनिया के सामने एक अधिक समावेशी और सहयोगी मानवता का रास्ता दिखाया है। अफ़्रीकन यूनियन को ल20 में शामिल कराने की पहल हो, ग्लोबल साउथ के नेतृत्व की भूमिका, वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड जैसी विशाल नवीकरणीय ऊर्जा योजना, पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की नीति, संकट के समय सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश बनना, या फिर महामारी के दौरान 96 देशों को मानवीय सहायता देना, इन सबमें भारत ने यह साबित किया है कि असली मायने काम में होते हैं, और हम छोटे-छोटे निजी लाभ की अपेक्षा मानवता को अधिक महत्व देते हैं।

समावेशिता का यह गुण नरेंद्र भाई की नेतृत्व शैली में भी स्पष्ट दिखाई देता है। मन की बात पहल शासन की विशाल व्यवस्था में भले ही एक छोटा हिस्सा लगे, लेकिन इसका संदेश गहरा है। आम नागरिक से सीधा संवाद करके वे उनकी कहानियों, संघर्षों और योगदान को पहचानते और सम्मानित करते हैं। यही जुड़ाव उन्हें ज़मीन से जोड़े रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनकी नीतियां जनता की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों।मैं योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की गहराई से सराहना करता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा करवा कर उन्होंने योग के प्रति दुनिया में अद्भुत रुचि जगाई है और यह बताया है कि योग मनुष्य के जीवन में कितनी भलाई ला सकता है। आज के समय में यह और भी जरूरी है, क्योंकि योग की विधियां मानसिक और शारीरिक चुनौतियों से निपटने का सबसे असरदार उपाय हैं। हर इंसान के लिए यह आवश्यक है कि वह रोज़ कम से कम कुछ मिनट योग या ध्यान को अपनाए, ताकि अपने भीतर स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बना सके। भारत का सभ्यता-राज्य आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां से वह अपनी असली क्षमता को पहचानकर एक गौरवशाली भविष्य की ओर बढ़ सकता है। अब तक हमने अपनी आर्थिक प्रगति में अभूतपूर्व कार्य और प्रगति देखी है, बुनियादी ढाँचे, अंतरिक्ष, रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में तेजी देखी है। साथ ही, हम आत्मनिर्भरता, भू-राजनीतिक लचीलेपन और शक्ति की दिशा में अपनी नीतियों के कुशल संचालन के भी साक्षी रहे हैं। हालांकि, एक राष्ट्र के रूप में हमें अभी भी बहुत कुछ करना है। आने वाली पीढ़ी का सही मार्गदर्शन और पोषण हमारे विकास की कुंजी है। हम नहीं चाहते कि भारत की बढ़ती युवा आबादी इस सुनहरे अवसर को खो दे। अब समय आ गया है कि हम समाजवाद के अधूरे आदर्शों की आखिरी बेड़ियां तोड़ दें, जिन्होंने पिछले दशकों को जकड़ रखा था, और भारत के नागरिकों को अपने भविष्य के निर्माता बनने के लिए आमंत्रित करें। बुनियादी ढांचे से लेकर एआई तक, व्यापार से लेकर रक्षा तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, हमें जनता को इसे सुपरसोनिक गति से आगे बढ़ाने का काम सौंपना होगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान शासन द्वारा यह विश्वास वास्तव में प्रदर्शित किया जा रहा है, लेकिन असली परीक्षा लोगों द्वारा इस विश्वास को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करने और अपनी क्षमता साबित करने की है। भारत में न केवल अपने सच्चे गौरव के युग में प्रवेश करने की क्षमता है, बल्कि मानवता को उस युग में ले जाने की भी क्षमता है। हमारे पास एक योग्य, साहसी और निस्वार्थ व्यक्ति है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि राष्ट्र केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वहां रहने वाले लोग ही उसका असली रूप होते हैं। यह भारत के नागरिकों पर निर्भर है कि वे सुशासन और अवसर के मंच का उपयोग करके अपने इच्छित स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें।

## भारत में हिंदी अब संपर्क की सबसे अधिक बोलने वाली भाषा

मेरे एक मित्र है जो तेलंगाना में तिरुचिरापल्ली में रहते है और प्रवर्तन निदेशालय में उच्च पद पर कार्यरत हैं लेकिन वे तेलगु भाषी हैं।वे अक्सर दिल्ली में अधिकारियों से बात करते रहते हैं।20 वर्षों पहले उनकी हिंदी बहुत ही कमजोर या तो समझो कि न के बराबर थी लेकिन आजकल वे बहुत ही खूबसूरत हिंदी बोलते समझते हैं।अभी मुंबई में तीसरी भाषा महाराष्ट्र में पढ़ाने को लेकर विवाद हुआ। शिवसेना के नेता राज ठाकरे ने मराठी मानुष की बात की । लेकिन अब वह समय आ गया है कि हिंदी अपने आप जरूरत के मुताबिक अपना स्थान बना रही है।यहां तक कि अखबारों की रीडरशिप में तो अंग्रेजी को भी मात कर रही है।

जेएनयू में हिंदी पत्रकारिता विभाग प्रवक्ता राम बिहारी पाठक का कहना है कि अब भारत की संपर्क भाषा हिंदी है ।अगर आप तेलगु ,तमिल, मलयालम,कन्नड़, मराठी में बोलेंगे तो कोई नहीं समझेगा लेकिन अगर आप टूटी फूटी हिंदी,या अंग्रेजी में संपर्क करें तो लोग समझ सकते हैं कि आप का कहना क्या है। हिंदी को आगे बढ़ाने में टेलीविजन, राजनीति का बहुत बड़ा सहयोग है। कन्नड़ भाषी मल्लिकार्जुन खड़गे,तमिल भाषी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शशि थरूर, गुलाम नबी आजाद, असद्दीन ओवैसी,आदि भी सदन में और मंत्रालय में हिंदी बोलते हैं। हिंदी को राजभाषा का दर्जा है लेकिन राष्ट्रभाषा दर्जा नहीं है . हिंदी आजादी से पहले भारत की आधिकारिक भाषा नहीं थी बल्कि आजादी के बाद हिंदी को संविधान की 15 वीं अनुसूची में शामिल किया गया था। उसमें भारत की 11 प्रमुख भाषाएं दर्ज है जिसमें मलयालम,कन्नड़,तमिल,तेलगु, मराठी,बंगाली,असमी, अंग्रेजी, गुजराती, उर्दू और पंजाबी भाषा दर्ज हैं,बाद में कुछ क्षेत्रीय भाषाओं को स्थान मिला है।

समय समय पर हिंदी को संविधान की राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयास हुए मगर तमिलनाडु से इसका विरोध शुरू हुआ।1966 में तो तमिल नेता पेरियार ने भाषाई आधार पर राज्य बनाने की मांग की उसी के चलते तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात,पंजाब, हरियाणा,आदि राज्यों का गठन हुआ। लेकिन हिंदी भाषा को राष्ट्र भाषा स्वीकार नहीं किया। आजादी के बाद हिंदी सिनेमा ने हिंदी को लोकप्रिय बनाया। महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, अटल बिहारी वाजपेई, सूर्य कांत त्रिपाठी निराला, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन,आदि कवियों के सहयोग हिंदी के लिए याद किया जाएगा। लेकिन स्व जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री के तौर पर हिंदी को राजकाज में उपयोग करना भी हिंदी के लिए सार्थक रहा । तमिल नाडु के राजनेता दिल्ली आ कर हिंदी सीखते हैं। सोमनाथ चटर्जी,इंद्रजीत गुप्ता भी हिंदी बोलते समझते थे। दक्षिण भारत के नेता के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व नरसिंह राव अच्छी हिंदी बोलते थे।यहां तक कि सोनिया गांधी, सुब्रमण्यम स्वामी, रमेश चीनीथेला,ने भी हिंदी को स्वीकार किया।अब बात करते हैं नई पीढ़ी की तो वह तो हिंदी बोलती या अंग्रेजी, कॉर्पोरेट में हिंदी का प्रचलन है। महानगरों में केवल चेन्नई को छोड़कर,दिल्ली, मुंबई, कोलकाता,जयपुर, अहमदाबाद, बंगलुरू,पुणे, हैदराबाद, नासिक, भुवनेश्वर,पूरी, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब, असम नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक,में हिंदी ही संपर्क भाषा है।

# CJI ने हिंदू आस्था का अपमान किया या उनकी टिप्पणी को संदर्भ से हटा कर पेश किया गया

**भारत जैसे लोकतांत्रिक और विविधतापूर्ण समाज में न्यायपालिका को सबसे सम्मानित संस्था माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की हर टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। मगर हाल ही में प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा भगवान विष्णु के संदर्भ में की गई टिप्पणी को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ है, उसने न्यायपालिका और आस्था के बीच संतुलन की संवेदनशील बहस को जन्म दे दिया है।**

हम आपको बता दें कि प्रधान न्यायाधीश ने एक मामले की सुनवाई के दौरान भगवान विष्णु को लेकर ऐसा संदर्भ दिया जिसे कई धार्मिक संगठनों और संतों ने अनुचित ठहराया है। उनका तर्क है कि सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्था से इस तरह की टिप्पणी लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचा सकती है। दूसरी ओर, कुछ लोग इसे न्यायिक विमर्श के दौरान कही गई एक सामान्य टिप्पणी मानते हैं, जिसका उद्देश्य किसी की आस्था का अपमान करना नहीं था।

पूरे प्रकरण पर नजर डालें तो सामने आता है कि सुप्रीम कोर्ट ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची प्रतिमा को पुन- स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी एक याचिका मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि यह चर्चा में आने के लिए दायर की गई है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्र ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ÷यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं।÷ याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मूर्ति का सिर जीर्ण-शीर्ण हो चुका है और इसके पुनर्निर्माण की अनुमति देने के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना चाहिए। परन्तु पीठ ने कहा कि यह मुद्दा पूरी तरह से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह (मूर्ति) पुरातात्विक खुदाई में मिली थी, एएसआई ऐसा करने (मूर्ति को ठीक करने) की अनुमति देगा या नहीं... इसको लेकर कई मुद्दे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इस बीच, अगर आप चाहें तो वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है। राकेश दलाल की याचिका में मूर्ति को बदलने या पुनर्निर्माण के लिए निर्देश देने का अनुरोध करते हुए यह भी कहा गया था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और एएसआई को कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है। दूसरी ओर, प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी को लेकर हो रहे विवाद के बाद कुछ राजनीतिक दल भी इसमें कूद पड़े हैं। टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर यह मुद्दा तेजी से बहस का विषय बना हुआ है। यहाँ एक गंभीर सवाल उठता है– क्या न्यायपालिका की किसी टिप्पणी को हमेशा धार्मिक और राजनीतिक चश्मे से देखा जाना चाहिए? या फिर हमें यह समझना चाहिए कि अदालत में कही गई बातें अक्सर संदर्भ-विशेष में होती हैं और उनका सीधा उद्देश्य धार्मिक मान्यताओं को चुनौती देना नहीं होता।

देखा जाये तो भारत का संविधान धर्मनिरपेक्षता का पक्षधर है। इसका अर्थ यह है कि राज्य और उसकी संस्थाएँ किसी विशेष धर्म का पक्ष नहीं ले सकतीं, परंतु साथ ही यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे लोगों की आस्था और भावनाओं का सम्मान करें। न्यायपालिका को विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है क्योंकि उसका हर शब्द नजीर बन सकता है। प्रधान न्यायाधीश जैसे पद से जुड़ी जिम्मेदारी और भी बड़ी होती है। इसलिए यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि उनके कथन सदैव संतुलित, शालीन और विवाद से परे हों।

इसमें भी कोई दो राय नहीं कि आज के दौर में मीडिया और सोशल मीडिया किसी भी टिप्पणी को तत्काल वायरल कर देते हैं। इससे बात का संदर्भ खो जाता है और केवल विवाद ही उभर कर सामने आता है। यही स्थिति इस प्रसंग में भी देखने को मिल रही है। वास्तविक सवाल यह है कि क्या इस बहस से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुँच रही है और क्या जनता का ध्यान उन मूलभूत मुद्दों से हट रहा है जिन पर न्यायालयों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए– जैसे न्याय में देरी, लंबित मामलों का बोझ और न्यायिक सुधार।

देखा जाये तो विवाद के इस दौर में संतुलन की आवश्यकता है। न्यायपालिका को चाहिए कि धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों का उल्लेख करते समय अत्यधिक सावधानी बरते। वहीं राजनीतिक दलों को चाहिए कि न्यायिक टिप्पणियों को राजनीति का हथियार न बनाएँ। साथ ही जनता और मीडिया को चाहिए कि संदर्भ को समझें और अनावश्यक उत्तेजना फैलाने से बचें। भारत की शक्ति उसकी विविधता और सहनशीलता में है। यदि न्यायपालिका और समाज इस संतुलन को बनाए रखेंगे तो लोकतंत्र और मजबूत होगा।बहरहाल, प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी को लेकर उठा विवाद इस बात की याद दिलाता है कि आस्था और कानून के बीच की रेखा कितनी संवेदनशील है। न्यायपालिका से लोगों की उम्मीद केवल न्याय तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह उनकी सांस्कृतिक भावनाओं के सम्मान से भी जुड़ी होती है। इसलिए आगे की राह यही होनी चाहिए कि संस्थाएँ और समाज दोनों परिपक्वता दिखाएँ। भारत के लोकतंत्र की नींव विश्वास और गरिमा पर टिकी है। यह विवाद अगर हमें इस संतुलन को और गहराई से समझने का अवसर देता है, तो इसे सकारात्मक सीख में बदला जा सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



ओला, उबर और रैपिडो ड्राइवरों ने गिग वर्कर्स के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुंबई में आजाद मैदान में निजी टैक्सी ऑपरेटरों और सड़क परिवहन विभाग द्वारा सरकार द्वारा अनिवार्य टैरिफ लागू करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



असम के गोलाघाट जिले में भारी बारिश के बाद एक गांव जलमग्न हो गया।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ, बिहार के पटना में बापू सभागार में बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा आयोजित धार्मिक न्याय समागम के दौरान।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंथन 2025 को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नई दिल्ली में रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंथन 2025 में शामिल हुए।



पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक धीरेन्द्र ओझा ने नई दिल्ली में स्वच्छता शपथ दिलाई।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में अत्यधिक वर्षा से प्रभावित मसूरी रोड और किमारी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए।

# बहादुरगढ़ में फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा अमेरिकी लोगों से करते ठगी, 18 शातिर गिरफ्तार

**बहादुरगढ़ , 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में शातिर ठगों के एक गिरोह के 18 सदस्यों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये अमेरिका के नागरिकों को कई तरह की सर्विस देने के नाम पर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे।बहादुरगढ़ के एक रिहायशी अपार्टमेंट में इन्होंने फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर बना रखा था। यहीं से ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों में से पांच को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। आरोपितों में ज्यादातर दिल्ली के हैं। झज्जर की साइबर क्राइम पुलिस टीम ने ओमेक्स शुभांगन अपार्टमेंट के टावर नंबर-17 के फ्लैट नंबर 701 में छापेमारी की। साइबर थाना प्रबंधक सोमबीर के नेतृत्व में टीम ने फ्लैट का दरवाजा खटखटाया। जिसे एक युवक ने खोला। टीम अंदर पहुंची तो दो आरोपित सोफे पर बैठे इयरफोन लगा शार्क पीबीएक्स डीलर के नाम पर अंग्रेजी में बात कर रहे थे। अलग-अलग कमरों में दूसरे शातिर भी इसी तरह लैपटॉप पर हैडफोन लगा विदेशी नागरिकों से ठगी की कोशिश में जुटे थे। सभी को पुलिस ने काबू किया। दिल्ली के लाजपत नगर का नैफी अरसलान, दिल्ली के आंबेडकर नगर का फहाद खान, कर्मपुरा मोती नगर का राजू कनवाल, लक्ष्मी नगर का मयंक उर्फ एरीक, रोहिणी का पुलकित शर्मा, पश्चिमपुरी का पंकज चावला, पूर्वी दिल्ली के खिचड़ीपुर का राहुल चावला, किशनकुंज लक्ष्मीनगर का आशुतोष व भजनपुरा का सन्नी है। जबकि उत्तर प्रदेश के लखनऊ के इंद्रानगर का अभिनय राज, गाजीपुर के मोहम्दाबाद का मोहम्मद जोहेब, कानपुर के चटाई मुहल्ला का समार खान उर्फ समर, मुजफ्फरनगर के गढ़ी शेखावत का रमन, पंजाब के जीरकपुर के शिवालिक विहार का दमन चंद्रा, लुधियाना के हरचरणनगर का राजीव सोंकर, राजस्थान के जयपुर के बन्नी पार्क एरिया का चेतन सिंह, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के मुहल्ला पट्टी चौहान का गौरव कुमार और हरियाणा के गुरुग्राम के कुतुब एन्कलेव का ध्रुव मोंगरे शामिल हैं। इनमें से पुलिस ने नैफी अरसलान, फहाद खान, राजू कनवाल, मयंक उर्फ एरिक और पुलकित शर्मा को पांच दिन के रिमांड पर लिया है। बाकी 13 को जेल भेज दिया गया।

# अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर लौट सकते हैं अमेरिकी सैनिक

## फलस्तीन मुद्दे पर स्टार्मर से सहमत नहीं ट्रंप

**वाशिंगटन, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर अमेरिकी उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। चार वर्ष पहले अमेरिका की अफगानिस्तान से वापसी के बाद यह एयर बेस तालिबान के हाथों में चला गया था। ब्रिटेन यात्रा के समापन पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर के साथ एक प्रेसवार्ता में ट्रंप ने यह बात कही और इस विचार को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चीन से जोड़ा। यूक्रेन पर रूस का आक्रमण खत्म करने के बारे में एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने बगराम बेस के बारे में कहा, हम इसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस ने इस सवाल का तुरंत जवाब नहीं दिया कि उसने या पेंटागन ने इस विशाल एयर बेस पर वापसी की क्या योजना बनाई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका ने तालिबान सरकार के साथ अफगानिस्तान में वापसी को लेकर कोई नई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत की है या नहीं। लेकिन ट्रंप ने संकेत दिया है कि 2021 में सत्ता में आने के बाद से आर्थिक संकट,



अंतरराष्ट्रीय मान्यता, आंतरिक कलह और प्रतिद्वंद्वी कट्टरपंथियों से संघर्षरत तालिबान अमेरिकी सेना की वापसी के लिए तैयार हो सकता है। ट्रंप ने कहा, हम उसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें भी हमें कुछ चाहिए। साथ ही कहा, हम उस बेस को हासिल करना चाहते हैं क्योंकि उस जगह से एक घंटे की दूरी पर चीन अपने परमाणु हथियार बनाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ ब्रिटेन की फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने की योजना पर असहमत हैं।

उन्होंने यह बात तब कही जब नेताओं ने गाजा में युद्ध पर चर्चा की।ट्रंप ने अपनी राजकीय यात्रा के दूसरे दिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के निवास चेकर्स में स्टार्मर के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस मुद्दे पर मेरी प्रधानमंत्री से असहमति है - यह हमारी कुछ असहमतियों में से एक है। स्टार्मर ने जुलाई में घोषणा की थी कि ब्रिटेन सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीनी राज्य को मान्यता देने के लिए कदम उठाएगा, जब तक कि इजरायल गाजा में युद्ध विराम सहित कुछ शर्तों को पूरा नहीं करता। यह मुद्दा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्टार्मर और ट्रम्प द्वारा सामने रखे गए संयुक्त मोर्चे में कुछ अड़चनों में से एक साबित हुआ।

## खूबसूरत वादियों का दीदार और करीब से होगा, आज से चलेगी विस्टाडोम कोच सेवा

**श्रीनगर।** दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च पुल और एशिया का सबसे बड़ा केबल स्टे पुल-अंजी खड्ड और इनके आस पास खूबसूरत वादियों और पहाड़ों का दीदार पर्यटक अब और करीब से कर सकेंगे। रेलवे ने इस सीजन में पर्यटकों और यात्रियों की सुविधा के लिए बड़गाम से कटड़ा तक विस्टाडोम कोच को चलाने का निर्णय लिया है।विस्टाडोम विशेष तौर पर डिजाइन किए गए कोच हैं और इसमें पारदर्शी छत और साइड वाल से वादियों का दीदार और अधिक बेहतर ढंग से हो सकता है। फिलहाल, यह सेवा 15 दिन तक चलेगी। मौजूदा समय मे विस्टाडोम रेल सेवा सिर्फ बारामुला से बनिहाल तक उपलब्ध है जबकि कटड़ा-बनिहाल-श्रीनगर तक वंदेभारत रेल सेवा है।संबधित अधिकारियों ने बताया कि पूरी तरह वातानुकूलित और सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस विस्टाडोम रेल सेवा को बड़गाम से कटरा तक चलाने का निर्णय लिया गया है। यह सेवा 19 सितंबर से आरंभ होकर तीन अक्टूबर तक बहाल रहेगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय एक तो रेल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और दूसरा राजमार्ग बंद होने से परेशान यात्रियों को राहत मिलेगी।

# 22 सितंबर से पहले पैक हुए सामानों पर भी मिलेगा कम जीएसटी का लाभ, सरकार ने आसान किए पैकेजिंग नियम




**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

सरकार ने उपभोक्ताओं तक जीएसटी में कमी का फायदा पहुंचाने और कंपनियों पर बोझ कम करने के लिए पैकेजिंग के नियम आसान कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि 22 सितंबर 2025 से पहले पैक हुए सामानों पर भी ग्राहक को नई वाली कम कीमत का लाभ मिलेगा। पुरानी पैकिंग मार्च 2026 तक इस्तेमाल की जा सकेगी। यानी पैकिंग बदले बिना ही उपभोक्ताओं को सस्ता सामान मिल सकेगा। नए नियमों के तहत कंपनियों को अब यह आजादी होगी कि वे पुराने पैकेज पर स्टिकर, मुहर या प्रिंटिंग के जरिये नई कीमत लिखें। हालांकि यह करना जरूरी नहीं है। कंपनियां चाहें तो ही ऐसा करें।

मगर ध्यान रखना होगा कि पैकेज पर छपी पहले वाली एमआरपी भी साफ दिखाई दे। पहले नियम था कि कंपनियों को नई कीमत की जानकारी दो अखबारों में देनी पड़ती थी। अब यह जरूरी नहीं है। कंपनियों को सिर्फ थोक और खुदरा दुकानदारों को नई कीमतों की लिस्ट देनी होगी, जिसकी कापी सरकार के संबंधित विभागों को भेजनी पड़ेगी। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुराने पैकेज और रैपर को कंपनियां 31 मार्च 2026 तक इस्तेमाल कर सकती हैं। यानी बाजार में उपभोक्ताओं को कुछ समय तक पुरानी पैकिंग में ही सामान मिलेगा, लेकिन उस पर कीमत जीएसटी कटौती के बाद की लिखी हुई मिलेगी।सरकार का कहना है कि कंपनियों को यह जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए इंटरनेट मीडिया, अखबार और अन्य माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे लोगों को पता चलेगा कि उन्हें कम जीएसटी का सीधा फायदा मिल रहा है।

# सिर्फ 500 में, जैसा सर्टिफिकेट चाहिए वैसा देंगे... दिल्ली, हरियाणा यूपी, बंगाल में नेटवर्क, साइबर सेल ने 6 शातिरों को दबोचा

**भागलपुर, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

देशभर में बड़े पैमाने पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का साइबर थाने की पुलिस टीम ने पर्दाफाश करने में सफलता पाई है। साइबर थाने की पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना समेत गिरोह के छह शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्रलोक कांप्लेक्स के सोनू साइबर कैफे में किसी भी शैक्षणिक संस्था से जुड़े सर्टिफिकेट को कंप्यूटर-स्कैनर से हेराफेरी कर तैयार कर बेचने की जानकारी एसएसपी हृदय कांत को मिली थी।उक्त सूचना पर एसएसपी ने साइबर थाने के डीएसपी थानाध्यक्ष कनिष्क श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर दी। उक्त टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए अपनी तकनीकी टीम के ही चुनिंदा सदस्यों को सर्टिफिकेट का इच्छुक छात्र बना सर्टिफिकेट लेने भेजा। सोनू साइबर कैफे में बैठे शातिर ने 25 मिनट में सर्टिफिकेट तैयार कर दे दिया। सर्टिफिकेट के एवज में पांच सौ रुपये लिए।सादे लिबास में पहले से घात लगाए टीम के




सदस्यों ने जैसे ही सर्टिफिकेट देने और पांच सौ रुपये लेने की कवायद इच्छुक छात्र बने पुलिसकर्मी और साइबर कैफे में बैठे शातिर ने पूरी की, टीम के सदस्यों ने शातिर को दबोच लिया। उस दौरान कैफे के अंदर मौजूद पांच अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए कैफे में मौजूद छह सीपीयू, तीन लैपटाप, सात मानीटर और नकद 40700 रुपये जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में बबरगंज थानाक्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी सरगना मुहम्मद शाहनवाज उर्फ सोनू, हबीबपुर थानाक्षेत्र के चमेली चक निवासी मुहम्मद अकरम, बांका जिले के अमरपुर औरई गांव निवासी मनोहर मंडल, हबीबपुर के शाहजंगी निवासी मुहम्मद अमरुद्दीन, हबीबपुर के ही मोहिबअली चक निवासी मुहम्मद अमन और इशाकचक थानाक्षेत्र के इशाकचक निवासी मुहम्मद आफरीद शामिल हैं।छपेमारी करने वाली टीम में डीएसपी कनिष्क श्रीवास्तव के अलावा दारोगा शिव कुमार सुमन, इंस्पेक्टर राकेश कुमार, दारोगा, प्रशांत कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार, ऋतु कुमारी के अलावा कांस्टेबल मुहम्मद आसिफ, अशोक कुमार, सुभाष कुमार, विपिन कुमार, ओम कुमार और रवि कुमार शामिल थे।फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर उसे बेचने वाले गिरोह के सरगना शाहनवाज हुसैन उर्फ सोनू के तार दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगला, उत्तर प्रदेश और झारखंड से जुड़े हैं। आठवीं कक्षा से स्नातक, स्नातकोत्तर, एनसीसी सर्टिफिकेट, संस्कृत शिक्षा, हिंदी साहित्य अलावा चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े बीएचएमस,डीएचएमएस का सर्टिफिकेट तैयार कर बेचने में गिरोह की संलिप्तता प्रारंभिक जांच में सामने आई है।


# पुतिन ने मुझे निराश किया..., ट्रंप ने माना कि रूस-यूक्रेन युद्ध रोकना आसान नहीं



**लंदन।** डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष को सुलाझाने की प्रक्रिया काफी आसान समझ रहे थे। उन्होंने पुतिन से मुलाकात करके मान लिया था कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रुक जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद ट्रंप रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर हमलावर हो गए। उन्होंने ब्रिटेन दौरे के दौरान दावा किया कि पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को सुलझाने की प्रक्रिया में उन्हें निराश किया।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी पुतिन की आलोचना की और कहा कि उन्होंने आक्रमण के बाद अपने सबसे बड़े हमले से अपना असली चेहरा दिखा दिया है। चेकर्स में स्टारमर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने स्वीकार किया कि उन्होंने सोचा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध को सुलझाना सबसे आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं है,हालांकि उन्होंने कहा कि वे अंततः इसे सुलझा लेंगे। अलास्का में पुतिन और ट्रम्प के बीच शिखर सम्मेलन के बावजूद, जिसमें अमेरिकी नेता ने रूसी राष्ट्रपति से अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बातचीत करने का आग्रह किया था, शांति समझौता नहीं हो सका।ट्रंप ने कहा कि मुझे लगा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान है, लेकिन पुतिन ने मुझे निराश किया है। मुझे लगा था कि यह सबसे आसान हो सकता है। जैसा कि आप जानते हैं, हम इजरायल और गाजा के समाधान के लिए काम कर रहे हैं, हम कई संघर्षों को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं, हम इजरायल-गाजा को सुलझा लेंगे, इसी तरह, रूस और यूक्रेन को भी सुलझा लेंगे, लेकिन युद्ध में क्या होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि सच कहूं तो, रूसी सैनिक यूक्रेनी सैनिकों की तुलना में ज्यादा संख्या में मारे जा रहे हैं। पदभार ग्रहण करने से पहले ट्रंप ने दावा किया था कि वह एक दिन में मॉस्को और कीव के बीच युद्ध रोक देंगे।

# MCD में पहली बार एक क्लिक से छात्रों के खाते में पहुंचे 109 करोड़ रुपये

## छह लाख स्टूडेंट्स होंगे लाभान्वित



**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलने वाली वर्दी और स्टेशनरी की सहायता राशि में अब कोई गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। एमसीडी अब एक क्लिक से यह राशि मुख्यालय से ही जारी कर दिया करेगी। इसकी शुरुआत बृहस्पतिवार से हुई। जहां एमसीडी के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से अधिक विद्यार्थियों के खाते में 109 करोड़ की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिये भेजे गए। एमसीडी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर राजा इकबाल सिंह ने बटन दबाकर यह राशि खाते में भेजी।इस अवसर पर दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में सुविधाएं निजी विद्यालयों के समकक्ष हैं। हमारे पास शिक्षक निजी विद्यालयों से बेहतरीन हैं। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम किसी अच्छे कार्य में 10 रुपये लगाते हैं तो भगवान उसका 10 गुना फल देते हुए 100 रुपये हमें वापस देता है। इसी प्रकार हमारे बच्चे भी भगवान का रूप हैं और जिस दिन आप बच्चों में भगवान का रूप देखोगे तो आपका एवं आपके परिवार का कायाकल्प हो जाएगा।इस मौके पर स्थायी समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह सारा कार्य पीएम मोदी के विजन के अनुरूप हुआ है जिसमें हमने पेपरलेस कार्य करते हुए पैसा बिना किसी बिचौलिए के सीधा लाभार्थी के खाते में भेजना है।

एक छात्र को वर्दी और स्टेशनरी के लिए 1750 देने का प्रविधान है।निगमायुक्त अश्वनी कुमार नेकहा कि शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान है,इससे बड़ा कोई दान हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षक जो कर सकता है वो कोई नहीं कर सकता। बच्चों के भाग्य की कुंजी शिक्षकों के हाथ में होती है जो बच्चों को कहां से कहां पहुंचा देती है। उन्होंने कहा कि हम जिस पद पर हैं और जो भी कार्य कर रहे हैं उसका सारा श्रेय शिक्षकों को जाता है। उन्होंने कहा कि विशेषकर प्राथमिक शिक्षक जो नींव डालते हैं उसका कोई मुकाबला नहीं है,उस समय छात्र का चरित्र निर्माण होता है और उनमें हिम्मत आती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ऐसे भी मामले एमसीडी में सामने आए हैं जब बच्चों की छात्रवृत्ति का पैसा शिक्षकों ने अपने खाते में स्थानांतरित कर लिया था। इस पर एमसीडी ने कार्रवाई करते हुए इन शिक्षकों को निलंबित कर दिया था। एमसीडी ने सेवानिवृत्त निगम कर्मियों के लंबित पेंशन के मामलों के निपटान के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।

# भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धौंस विफल, रूस बोला प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं



**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है। रूस के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। और उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वो बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, ये काम नहीं कर पाया। जिस तरह से चीन और भारत के साथ अमेरिकी संपर्क चल रहा है, वो ये दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष इस बात को समझ चुका है। उन्होंने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया।

लावरोव ने कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी हुई, क्योंकि उनको नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्त्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।लावरोव ने ये भी कहा कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के पहले कार्यकाल से ही हम पर बेशुमार प्रतिबंध लगे हुए हैं।

## जयपुर में लवजिहाद... अयान ने अमित बनकर युवती को जाल में फंसाया, गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है। इस अयान खान नामक युवक ने खुद को अमित शर्मा बताकर एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का आरोप है कि अयान ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसे अयान के मुस्लिम होने का पता चला और विरोध किया तो उसने कई बार उसके साथ मारपीट की और मतांतरण का दबाव बनाया। मुस्लिम धर्म नहीं अपनाने पर उसने बदनाम करने की धमकी भी दी।युवती ने बुधवार देर रात चित्रकुट थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद गुरुवार को अयान को गिरफ्तार कर लिया। युवती के वकील ने बताया कि अयान के पास कई नकली दस्तावेज हैं।

# अनुराग ठाकुर तिरपाल राजनीति में व्यस्त सुमन भारती बोले- जनता के मुद्दे रह गए पीछे



**हमीरपुर, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर अब तिरपाल की राजनीति में सक्रिय नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि अनुराग ठाकुर जहां भी जाते हैं, वहां तिरपाल की गिनती में व्यस्त रहते हैं। भारती ने कहा कि अगर किसी को जनता की पीड़ा समझनी है, तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से सीखना चाहिए। मुख्यमंत्री न केवल आपदा के समय हर पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं, बल्कि जिन लोगों के कच्चे घर गिर चुके हैं, उन्हें पक्का घर बनाने के लिए 7 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर चुके हैं।भारती ने कहा कि जिस तरह जय राम ठाकुर ने अपने विधानसभा क्षेत्र सराज के लिए प्रधानमंत्री से अलग पैकेज की मांग की थी, उसी तरह अनुराग ठाकुर को धर्मपुर के लिए अलग पैकेज की मांग करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में इस आपदा से 15,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री ने केवल 10 प्रतिशत यानी 1,500 करोड़ रुपये की घोषणा की। सुमन भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलग-अलग गुटों ने अलग-अलग जगह कार्यक्रम आयोजित किए। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में सांसद अनुराग ठाकुर ने हवन यज्ञ किया, जबकि राज्यसभा सांसद ने दूसरी जगह कार्यक्रम किया। भारती ने कहा कि प्रदेश भाजपा अब धूमल गुट, नड्डा गुट, कांग्रेसी गुट और जयराम गुट में बंट चुकी है।

## मुठभेड़ में ढेर बदमाश को विदेश से आता था पैसा, जांच में चौंकानेवाले खुलासे

**गाजियाबाद।** ट्रानिका सिटी क्षेत्र में मुठभेड़ में मारे गए दो बदमाशों में से एक बदमाश रविंद्र को विदेश से फंडिंग होती थी। उसके खाते में विदेश से पैसा आता था। वह पैसे निकालने के लिए अपने गांव जाता था। वहीं पर ही उसका खाता है। बदमाश गोल्डी बराड़ गैंग के सदस्य थे। इस गैंग का सरगना विदेश में बैठा है।माना जा रहा है कि गिरोह का सरगना वारदात कराने के लिए पैसा भेजता था। हालांकि खातों की जांच के बाद ही विदेशी फंडिंग की तस्वीर साफ हो सकेगी। वहीं बदमाशों से तुर्किये में निर्मित जिगाना पिस्टल बरामद हुई है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मारने में भी जिगाना पिस्टल का प्रयोग किया गया था। जिगाना पिस्टल को उन्नत तकनीक के लिए जाना जाता है। बरेली में अभिनेत्री दिशा पटानी के घर पर फायरिंग कांड में भी जिगाना पिस्टल बरामद हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह पिस्टल नेपाल और पाकिस्तान के रास्ते बदमाशों तक पहुंच रही हैं।

# पीएम मोदी मेरे अच्छे मित्र, लेकिन..., रूसी तेल और पाकिस्तानी खेल के बीच कैसे अपना बचाव रह रहे ट्रंप?

**नईदिल्ली, 19 सितम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने वाले यूरोपीय देशों को सख्त फैसले लेने को कहा। इंग्लैंड दौरे पर ट्रंप ने पीएम कीएर स्टार्मर के साथ एक प्रेस कान्फ्रेंस में भारत का उदाहरण दिया। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरे अच्छे मित्र हैं, मैंने उनको फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, हमने बातचीत की। हमारे बीच अच्छे व्यक्तिगत संबंध भी हैं। वह बहुत शानदार काम कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि लेकिन इन सबके बावजूद रूस से तेल खरीदने की वजह से हमें भारत पर टैरिफ लगाना पड़ा। हिसाब बिल्कुल सीधा है। तेल खरीद बंद होगी तो तेल की कीमतें गिरेंगी और पुतिन को यूक्रेन युद्ध से हतोत्साहित किया जा सकेगा। उनको युद्ध से हाथ खींचने पड़ेंगे। पुतिन के पास तब कोई विकल्प नहीं बचेगा। पुतिन ने मुझे निराश किया है। ट्रंप ने कहा कि हमने देखा कि यूरोपीय देश भी रूस से तेल ही नहीं गैस भी खरीद रहे हैं। यूरोप भी मेरा मित्र है, लेकिन मैं नहीं चाहता कि वे रूस से कुछ भी खरीदें। वे जो प्रतिबंध रूस पर लगा रहे हैं, वो नाकाफी हैं। आपको भी हमारी ही तरह भारी टैरिफ लगाने जैसे सख्त फैसले लेने चाहिए। चीन भी रूस से तेल



खरीद रहा था। देखिए, हमने चीन पर बड़ा टैरिफ लगाया। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए कुछ और उपाय भी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन तभी जब यूरोपीय देश भी साथ दें। अमेरिका का इसमें सीधा हित नहीं जुड़ा है, बल्कि आप लोग (यूके) इससे सीधे-सीधे जुड़े हुए हैं।इसी क्रम में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष को मिलाकर कुल सात युद्ध खत्म कराए हैं। हालांकि, भारत ने लगातार ट्रंप के दावे का खंडन किया है।अमेरिका-इंग्लैंड के बीच अहम समझौते न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिका और इंग्लैंड के बीच अहम समझौते हुए। दोनों देशों के बीच तकनीक साझेदारी का अहम समझौता हुआ, को लेकर निवेश और परमाणु ऊर्जा समेत कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। दोनों देशों के बीच तकनीक साझेदारी बढ़ाने का समझौता हुआ, जिसमें एआई और अन्य हाईटेक इनोवेशन का नेतृत्व करेंगे।

यूके में माइक्रोसॉफ्ट, ओपनएआई और ब्लैकस्टोन जैसी कंपनियां करीब 200 अरब डालर का निवेश करेंगी। ब्रिटेन में परमाणु रिएक्टर की संख्या बढ़ाने पर भी अमेरिका काम करेगा।रॉयटर के मुताबिक ट्रंप के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम स्टार्मर ने दिवंगत यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का जिक्र किए बगैर इंटरनेट मीडिया कंपनियों से बाल यौन शोषण और आत्महत्या जैसी सामग्री अपने प्लेटफार्म से हटाने को कहा। उन्होंने नए ऑनलाइन सेफ्टी कानून का उल्लेख करते हुए बताया कि ब्रिटेन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कड़ी सुरक्षा करता है, लेकिन जब बच्चों और कमजोर वर्ग को इसके जरिये नुकसान पहुंचाया जाता है तो सीमा पार हो जाती है। इस कानून के तहत इंटनेट मीडिया प्लेटफार्म पर ऐसी सामग्री पाए जाने पर आपराधिक केस चलाया जाएगा। एएनआई के मुताबिक प्रेस कान्फ्रेंस में इजरायल-गाजा संघर्ष पर ट्रंप और स्टार्मर के बीच असहमति और तल्खी भी उभरकर सामने आई।



## धनश्री वर्मा ने राइज एंड फाल में अरबाज पटेल से अपने तलाक पर पहली बार की बात

कोरियोग्राफर और अभिनेत्री धनश्री वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में दिखाई दे रही हैं। इस साल की शुरुआत में ही उनका युजवेंद्र चहल से तलाक हुआ था। तब से लेकर अब तक उन्होंने इस पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन उनकी पीठ पीछे लोग बहुत सी बातें बनाते थे।

बता दें कि शादी के पांच साल बाद फरवरी 2025 में धनश्री और चहल का तलाक हो गया था। दोनों के तलाक ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। चहल के फैंस ने धनश्री को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल भी किया था।

राइज एंड फाल में धनश्री वर्मा ने कंटेस्टेंट अरबाज पटेल से तलाक पर बात की। धनश्री वर्मा ने अपने दिल की बात उनसे साझा की और कहा, जो भी बहस सोशल मीडिया या अन्य कहीं हो रही हैं, वो सब निराधार हैं।

धनश्री वर्मा ने कहा, ये सब जो तलाक की बातें चल रही हैं, वो लोगों ने बनाई हैं। मैंने उनको पहले ही पीछे छोड़ दिया है।

धनश्री ने दृढ़ता से यह स्पष्ट करते हुए कहा कि वह इस चर्चा से आगे बढ़ चुकी हैं। अरबाज पटेल ने भी सहानुभूति के साथ जवाब देते हुए कहा, बाहर लोग हमेशा कहानी बनाते रहेंगे, लेकिन जो अंदर महसूस होता है, वो असली है। मुझे भी कई बार अपने संघर्षों से जूझना और उन्हें समझना पड़ा।

दोनों कंटेस्टेंट के बीच यह बातचीत एक दुर्लभ क्षण था, जब वो प्रतियोगिता को भूल अपने मन की बात एक-दूसरे से साझा करते दिखे। शो के हर एपिसोड में कंटेस्टेंट के बीच प्रतियोगिता बढ़ रही है। हाल ही में अरबाज पटेल और आरुष भोला के बीच एक तीखी बहस हुई जो आगे चलकर हाथापाई में बदल गई।

इस शो में कंटेस्टेंट्स को रूलर्स और वर्कर्स के रूप में विभाजित किया गया है। राइज एंड फाल को बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर होस्ट कर रहे हैं, जो अपनी बेबाक राय के लिए जाने जाते हैं। यह शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे स्ट्रीम हो रहा है। इसे सोनी टीवी चैनल पर रात को 10:30 बजे प्रसारित किया जा रहा है।

## ब्लैक ड्रेस में दिशा पाटनी ने शेयर कीं खूबसूरत तस्वीरें, यूजर्स ने जमकर की तारीफ



दिशा पाटनी अपने बेहतरीन लुक की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में न्यूयार्क फैशन वीक 2025 के दौरान दिशा ने केल्विन क्लेन शो में सबका ध्यान खींचा। अभिनेत्री ने अब इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस तारीफ कर रहे हैं। दिशा एक पारदर्शी काले रंग की ड्रेस में नजर आईं, जो उनके ऊपर काफी अच्छी लग रही थी। उन्होंने स्लीक हाई-वेस्ट ट्राउजर्स और कम से कम एक्सेसरीज पहनी। इस लुक में वह काफी बोल्ड लग रही हैं। अपने लंबे बालों और अपने चेहरे के भावों को निखारते हुए साफ्ट मेकअप में दिशा हर फ्रेम में आत्मविश्वास से भरी दिखीं। दिशा के फैंस ने उनकी तस्वीरों को लाइक किया है और खूब तारीफ की हैं। एक फैन ने उन्हें बहुत खूबसूरत बताया। एक दूसरे ने लिखा बहुत हाट। एक यूजर ने कहा आप काले कपड़ों में बहुत अच्छी लगती हो। एक और यूजर ने दिशा की फिट बाडी की तारीफ की है। जहां दिशा की तस्वीरें हर जगह लोगों का दिल जीत रही हैं, वहीं उनके परिवार को एक बेहद बेचैन करने वाली घटना का सामना करना पड़ा। 12 सितंबर को, अज्ञात हमलावरों ने बरेली के सिविल लाइंस स्थित उनके पिता जगदीश पाटनी के घर के बाहर गोलीबारी की। जगदीश पटानी ने एएनआई को बताया दो अज्ञात हमलावरों ने मेरे घर पर गोलीबारी की। बरेली पुलिस, एसएसपी और एडीजी सभी इस मामले में काम कर रहे हैं।

# गुलाब के पौधे को सालभर खिलखिलाने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके

गुलाब का पौधा अपने खूबसूरत फूलों के लिए जाना जाता है। इसे सही देखभाल और प्यार देने पर यह सालभर खिलखिलाता रहता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने गुलाब के पौधे को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं। सही पानी, धूप, खाद, छंटाई और कीट नियंत्रण जैसे अहम पहलुओं पर ध्यान देकर आप अपने गुलाब के पौधे को हर मौसम में खिलखिलाता रख सकते हैं।

सही मात्रा में पानी दें

गुलाब के पौधे को सही मात्रा में पानी देना बहुत जरूरी है। ज्यादा पानी देने से जड़ें सड़ सकती हैं, जबकि कम पानी देने से पौधा मुरझा सकता है। सबसे अच्छा तरीका है कि मिट्टी को देखकर ही पानी दें। अगर मिट्टी सूखी लगे तो ही पानी डालें। सुबह या शाम के समय पानी देने से भी पौधे पर अच्छा असर पड़ता है, जिससे पौधा ताजा और स्वस्थ रहता है।

धूप का ध्यान रखें

गुलाब के पौधे को पर्याप्त धूप मिलनी चाहिए ताकि वह अच्छे से बढ़ सके। दिन में कम से कम 6-8 घंटे की धूप बहुत जरूरी है। अगर आप पौधे को बाहर नहीं रख सकते तो किसी ऐसी जगह पर रखें जहां उसे प्राकृतिक रोशनी मिल सके। अगर पौधा अंदर है तो खिड़की के पास रखें या फिर किसी खुली बालकनी में रखें ताकि उसे पर्याप्त धूप मिले।



सही खाद का उपयोग करें

गुलाब के पौधे को पोषण देने के लिए सही खाद का उपयोग करना चाहिए। जैसे गोबर की खाद या प्राकृतिक खाद सबसे अच्छा विकल्प होता है क्योंकि यह पौधे को प्राकृतिक तरीके से पोषण देता है। हर महीने एक बार खाद डालें ताकि पौधे को जरूरी पोषक तत्व मिलते रहें। इसके अलावा समय-समय पर पौधे के पास खाद डालते रहें ताकि उसकी जड़ों तक पोषक तत्व पहुंच सकें और वह स्वस्थ और मजबूत बना रहे।

छंटाई करें

गुलाब के पौधे की समय-समय पर छंटाई करना बहुत जरूरी होता है। इससे पुराने सूखे पत्ते और मुरझाए फूल हट जाते हैं और नए टहनियों को बढ़ने का मौका मिलता है। इसके अलावा इससे पौधे की हवा भी अच्छी तरह से चलती रहती है और वह स्वस्थ रहता है। छंटाई करने से पौधे की बढ़त तेज होती है और वह अधिक मात्रा में फूल देता है, जिससे आपका बगीचा हमेशा खिलखिलाता रहता है।

कीट नियंत्रण करें

गुलाब के पौधे पर कीड़े-मकोड़े लगना आम बात है, लेकिन इन्हें समय रहते रोकना जरूरी है। इसके लिए नीम तेल या साबुन पानी का छिड़काव करें। इससे कीड़े हट जाएंगे और पौधे को नुकसान नहीं होगा।

इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने गुलाब के पौधे को सालभर खिलखिलाता रख सकते हैं। सही देखभाल और प्यार देने पर आपका गुलाब का पौधा हमेशा स्वस्थ रहेगा और आपके बगीचे की शोभा बढ़ाएगा।

# सिर पर स्कार्फ बांधने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, लगेंगी बेहद खूबसूरत



भारतीय महिलाएं सिर पर स्कार्फ बांधने का चलन रखती हैं क्योंकि यह न केवल पारंपरिक होता है, बल्कि इसे सही तरीके से बांधने पर यह बहुत सुंदर भी लगता है। सही तरीके से स्कार्फ बांधने से न केवल आपका लुक खास लगेगा, बल्कि यह आपके बालों को भी सुरक्षित रखता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिनसे आप अपने सिर पर स्कार्फ बांध सकती हैं और सुंदर दिख सकती हैं।

क्लासिक टर्बन ट्विस्ट

क्लासिक टर्बन ट्विस्ट एक पारंपरिक और आकर्षक तरीका है, जिससे आप अपने सिर पर स्कार्फ बांध सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले एक लंबा स्कार्फ लें और उसे आधा मोड़कर दो हिस्सों में बांट लें, फिर इन दोनों हिस्सों को एक-दूसरे पर लपेटें। इसके बाद स्कार्फ के सिर के पिछले हिस्से पर लपेटें और पिन लगाकर सुरक्षित करें। यह तरीका न केवल आपके बालों को ढकता है बल्कि आपको एक शाही लुक भी देता है।

बोहेमियन बैंडाना लुक

अगर आप एक अलग और आधुनिक लुक चाहती हैं तो बोहेमियन बैंडाना लुक आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक चौड़ा स्कार्फ लें और उसे त्रिकोण आकार में मोड़ें, फिर इस त्रिकोण को अपने सिर पर रखें और दोनों सिरों को बांध लें। यह तरीका खासतौर पर गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है क्योंकि यह आपको ठंडक देता है और आपके लुक को भी खास बनाता है।

रेट्रो रोजी रैप स्टाइल

रेट्रो रोजी रैप स्टाइल एक ऐसा तरीका है, जिससे आप अपने सिर पर स्कार्फ बांध सकती हैं और एक खास अंदाज पा सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा स्कार्फ लें और उसे त्रिकोण आकार में मोड़ें, फिर इस त्रिकोण को अपने सिर पर रखें और उसके सबसे ऊपरी हिस्से को बांध लें। अब स्कार्फ के दोनों सिरों को खोलकर उनके ऊपर बांध लें।

बो टाई स्टाइल

सुंदर बो टाई स्टाइल एक ऐसा तरीका है, जिससे आप अपने सिर पर आसानी से स्कार्फ बांध सकती हैं और एक सुंदर दिख सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले एक लंबा स्कार्फ लें और उसे आधा मोड़कर दो हिस्सों में बांट लें, फिर इन दोनों हिस्सों को एक-दूसरे पर लपेटें। इसके बाद स्कार्फ के सिर के पिछले हिस्से पर लपेटें और ऊपर की तरफ एक बड़ा सा गांठ बनाएं।

चिक पोनीटेल रैप

अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए कुछ आसान चाहते हैं तो चिक पोनीटेल रैप आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले अपने बालों को पोनीटेल बना लें, फिर एक लंबा स्कार्फ लें और उसे पोनीटेल के आधार पर लपेटें। इसके बाद स्कार्फ के सिरों को बांध लें और ऊपर की तरफ एक सुंदर गांठ बनाएं। यह तरीका न केवल आपके बालों को ढकता है बल्कि आपको एक आकर्षक लुक भी देता है।



## बाक्स आफिस के बाद ओटीटी पर भी छाई अहान पांडे-अनीत पड्डा की सैयारा, नेटफ्लिक्स पर बनी नंबर वन

फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में जमकर प्रदर्शन किया। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आए। थिएटर्स में इस रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म ने कमाई के मामले में कई रिकार्ड कायम किए। अब फिल्म ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है और यहां भी नंबर वन साबित हो चुकी है।

फिल्म सैयारा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। ओटीटी पर इस फिल्म को इतना प्यार मिल रहा है कि यह नंवर वन पर ट्रेंड कर रही है। सैयारा नेटफ्लिक्स पर गैर-अंग्रेजी श्रेणी में दुनियाभर में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है। नेटफ्लिक्स ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी है। साथ में लिखा है, पूरी दुनिया का प्यार और सब याद रखें ये नाम।

बाक्स आफिस पर इतिहास रचने के बाद में सैयारा ओटीटी पर भी कमाल कर रही है, इससे अहान पांडे और अनीत पड्डा बेहद खुश हैं। दोनों ने इस उपलब्धि के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। अनीत पड्डा ने कहा है, फिल्म सैयारा दुनियाभर में नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रही है, सिर्फ आपकी वजह से...इस फिल्म को देखने के लिए शुक्रिया। वहीं अहान कहते हैं, सारी दुनिया का प्यार सैयारा को देने के लिए थैंक्यू।

फिल्म सैयारा को अधिकांश दर्शकों ने सिनेमाघरों में देखा। इसके बावजूद ओटीटी पर शुरुआती तीन दिनों में 3.7 मिलियन (37 लाख) व्यूज के साथ नेटफ्लिक्स पर नंबर वन पर पहुंच गई। बता दें कि ओटीटी पर फिल्म 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। 3.7 मिलियन व्यूज या 9.3 मिलियन व्यूइंग घंटों के साथ सैयारा इस साल नेटफ्लिक्स पर पहले सप्ताहांत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह यह 9 देशों में सैयारा नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही है, जिनमें भारत, बांग्लादेश, बहरीन, श्रीलंका, मालदीव, ओमान, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और मारीशस शामिल हैं। वहीं, 15 देशों में यह शीर्ष 10 में ट्रेंड कर रही है। सैयारा के कलेक्शन की बात करें तो भारतीय बाक्स आफिस पर इसका नेट कलेक्शन 329.2 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म ने 569.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

## अब साउथ सिनेमा में बजेगा पीएम मोदी का डंका!, बर्थडे पर बायोपिक मां वंदे का ऐलान, उी मुकुंदन निभाएंगे मुख्य भूमिका



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 साल के हो गए हैं। इस खास मौके पर उनकी बायोपिक फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम मां वंदे है। इस फिल्म में मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता उी मुकुंदन मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। मुकुंदन फिल्म में प्रधानमंत्री का किरदार अदा करने के लिए काफी उत्साहित हैं। मां वंदे के निर्देशन की कमान क्रांति कुमार सीएच ने संभाली है, वहीं वीर रेड्डी एम इस फिल्म का निर्माण करने वाले हैं। मां वंदे का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें वह एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करते दिख रहे हैं। मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका में खूब जंच रहे हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और काड़ भाषा में देख पाएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म को अंग्रेजी भाषा में भी बनाया जाएगा। इस फिल्म में मोदी के व्यक्तिगत और राजनीतिक सफर की घटनाओं और उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। इस फिल्म का निर्माण वीर रेड्डी एम. करेंगे. मां वंदे में मोदी के बचपन से लेकर राष्ट्र के नेता के रूप में उनके उदय तक के असाधारण सफर को दर्शाया जाएगा. इतना ही नहीं, इस बायोपिक में उनकी मां हीराबेन मोदी के साथ उनके गहरे जुड़ाव को भी उजागर किया जाएगा, जो जीवन भर उनके लिए अटूट प्रेरणा का स्रोत रहीं.उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कैप्शन में लिखा है, एक ऐसे व्यक्ति की कहानी जो युद्धों से आगे बढ़कर युगों-युगों के लिए एक क्रांति बन जाती है।

## 100 करोड़ के पार पहुंची तेजा सज्जा की मिराय

तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म मिराय इन दिनों बाक्स आफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 12 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज छह दिनों में ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।



इस शानदार सफलता के बाद फिल्म की स्टारकास्ट ने आडियंस का आभार जताया है।

रिलीज के पहले ही दिन मिराय ने 13 करोड़ रुपये की जोरदार कमाई की थी। दूसरे दिन यह आंकड़ा बढ़कर 15 करोड़ रुपये पर पहुंचा और तीसरे दिन फिल्म ने 16.6 करोड़ रुपये का बिज़नेस किया। चौथे दिन 5.96 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म का भारतीय नेट कलेक्शन 51.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। शुरुआती चार दिनों के आंकड़े ही साफ कर चुके थे कि यह फिल्म बाक्स आफिस पर लंबी रेस दौड़ने वाली है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी मिराय को जबरदस्त रिस्पान्स मिल रहा है। फिल्म ने छह दिनों में ही वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया। वहीं, नार्थ अमेरिका में भी इसने 2 मिलियन डालर यानी लगभग 16.6 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। पाजिटिव रिव्यू और वर्ड आफ माउथ फिल्म की सफलता में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य भूमिका निभाने वाले तेजा सज्जा ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए लिखा कि यह सब केवल दर्शकों के प्यार और समर्थन से संभव हुआ है। बता दें कि तेजा की पिछली फिल्म हनु-मान भी 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई थी। वहीं, अभिनेता मनोज मंचू ने भी दर्शकों का आभार जताते हुए कहा कि यह केवल एक फिल्म की सफलता नहीं बल्कि अच्छे सिनेमा की जीत है। उन्होंने विशेष तौर पर फैमिली आडियंस का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने मिराय को बड़े स्तर पर अपनाया। कार्तिक गट्टामनेनी के निर्देशन में बनी मिराय की कहानी नौ प्राचीन ग्रंथों के इर्द-गिर्द घूमती है। इन ग्रंथों में ऐसी अद्भुत शक्तियां छुपी हैं जिनसे इंसान देवता बन सकता है।

## शब्द सामर्थ्य - 174

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## बैटल आफ गलवान से अंकुर भाटिया की पहली झलक आई सामने

अभिनेता सलमान खान जल्द ही फिल्म बैटल आफ गलवान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया ने संभाली है। इस फिल्म की कहानी गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। इसकी शूटिंग लद्दाख ने पहले ही शुरू हो चुकी है। सलमान के अलावा इस फिल्म में अभिनेता अंकुर भाटिया भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब बैटल आफ गलवान से अंकुर ने अपनी पहली झलक दिखाई है, जिसमें वह फौजी के किरदार में दिख रहे हैं।

अंकुर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, वर्दी पहनना, एक सैनिक में तब्दील होना, देश का गौरव उठाना। इस सफर को जीने का सौभाग्य मिला। अंकुर की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही छा गई है और प्रशंसक इस पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बैटल आफ गलवान में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा।

# अंतराज्जीय चोर गिरोह का सरगना एवं चोरी के सोने चांदी के जेवर खरीदने वाला ज्वेलरी संचालक गिरफ्तार

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने चोरी की दो वारदात को अंजाम देने वाले अंतराज्जीय चोर गिरोह के मुख्य सरगना को शडडोल मध्यप्रदेश से धरदबोचा है वहीं चोरी की गई सोने-चांदी के जेवर खरीदार ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार कर चोरी के 3 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य वस्तुओं को बरामद करने में सफलता हासिल की है।



शक्तिनगर जरही निवासी प्रशांत पाण्डेय ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 09.07.2025 को दिन में घर को ताला बंद कर सभी सदस्य के साथ काम से बाहर गया था वापस आने पर देखा कि घर का दरवाजा का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सामान बिखरे पड़े हुए थे। घर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज देखने पर अज्ञात तीन व्यक्तियों द्वारा घर के पीछे लगे सीसीटीव्ही कैमरा को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं नगदी कुल कीमती क़रीब 3 लाख रुपए का चोरों द्वारा चोरी कर ले गए है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भटगांव में अपराध क्रमांक 98/25 धारा 331(3),305,324(4),317(2)3(5) बीएन एस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा चोरों की पतासाजी कर पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी अनूप एक्का के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज एवं सायबर सेल से तकनीकी सहयोग लेते हुए आरोपियों की गहन पतासाजी की गई है।घटना स्थल से मिले महत्वपूर्ण सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा भटगांव से अनूपपुर जिला तक करीब 100 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसमें टोल नाका कोतमा के पास आरोपियों का फोटो स्पष्ट मिलने पर आसपास के थानों से अपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त कर अवलोकन पर आरोपी शिवा सिंह नेताम पिता संतोष सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चंदनिया थाना कोतवाली शहडोल मध्यप्रदेश के साथ अन्य दो व्यक्ति के शामिल होने की पुष्टि हुई। विवेचना की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आरोपी शिवा सिंह नेताम एवं अन्य दो आरोपियों की खोजबीन तकनीकी सहयोग एवं मुखबीर लगा कर किया जा रहा था जो दिनांक 16.09.25 को पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी शिवा सिंह नेताम शहडोल मुख्य मार्ग ग्राम कंचनपुर दावत रेस्टोरेंट के पास देखा गया है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ पर उसने बताया कि वर्ष 2018 से मोटर सायकल से नंबर प्लेट निकाल कर, हेलमेट पहनकर, चेहरा को कपड़ा से बांध कर अपनी पहचान छुपाकर सुने घरों में दिन के 11 बजे से 4 बजे के मध्य कालोनियों में घुम कर बंद घरों का रेकी कर पीछे के दरवाजा को सब्बल, कटर मशीन एवं अन्य सामानों से घरों का दरवाजा तोड़ कर नगदी एवं सोने चांदी के जेवरात चोरी करते हैं जो दिनांक 09/07/2025 को अपने जीजा व अन्य 1 व्यक्ति के साथ मोटर सायकल से जरही के एसईसीएल कमरा नंबर बी टाइप 01 में रेकी कर बंद घर होने से पीछे के सीसीटीवी कैमरा एवं दरवाजा को तोड़कर घुसकर नगदी 35 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवर चोरी कर वापस अपने घर उसी दिन शाम को पहुंचकर यह, इसका जीजा व 1 अन्य व्यक्ति बराबर-बराबर हिस्सा बंटवारा किए, इसे हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली के दीप ज्वेलर्स में बिक्री करना बताया। पूछताछ के क्रम में यह भी बताया कि इससे पूर्व अक्टूबर 2024 में भी अपने अपाचे मोटर सायकल में भटगांव एसईसीएल के मकान नंबर सी-17 में भी अपने 1 साथी निवासी अमलाई एवं भाई के साथ पीछे के दरवाजा को कटर मशीन से काट कर घर में घुस कर नगदी 50 हज़ार एवं सोने चांदी के जेवरात अंगूठी, लॉकेट, हार, कंगन एवं अन्य समानों को चोरी किए थे। इस मामले में प्रार्थी दिनेश कुमार पिता स्व रामगोविन्द निवासी सी टाईप-17 भटगांव के द्वारा दिनांक 20.10.2024 को थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर थाना भटगांव में अपराध क्रमांक 136/24 धारा 305, 331 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था जिसकी विवेचना भी जारी थी। चोरी में मिले सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम की आपस में बराबर हिस्सा में बंटवारा कर लिए थे। हिस्से में मिले सोने चांदी को पाली स्थित दीप ज्वेलर्स में एवं घर में छिपा कर रखे समानों को बरामद कराया है। मामले में दीप ज्वेलर्स संचालक आरोपी रामचरित्र सोनी को भी पकड़ा गया। अन्य 4 आरोपी फरार है। दोनों प्रकरणों में चोरी गए मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त आला जरब भी जप्त किया गया है। फरार आरोपियों को पता तलाश सरगर्मी से जारी है। आरोपी शिवा सिंह एवं इसके अन्य साथियों के विरुद्ध थाना अनूपपुर, शहडोल, जयसिंग नगर, अमलाई, चचाई, थाना दर्री जिला कोरबा में कई चोरी नकबजनी के अपराध दर्ज हैं। कई बार जेल जा चुके है। कई थानों में स्थाई वॉरंट जारी है।

उक्त आरोपी आदतन संगठित होकर काफ़ी शातिराना अंदाज में अपराध को अंजाम देते हैं। जो हमेशा सकुनत बदली करते रहते हैं और सकुनत से फरार रहते हैं। गिरफ्तार आरोपी। मामले में शातीर मुख्य आरोपी शिवा सिंह नेताम पिता संतोष सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम चंदनिया थाना कोतवाली शहडोल मध्यप्रदेश एवं जेवरात खरीददार आरोपी रामचरित्र सोनी पिता स्व. बुद्ध लाल सोनी उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 08 बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जप्ती वस्तु का विवरण। आरोपियों से चोरी के दोनों मामले में सोने का गला हुआ 2 नग तेजाबी फाइन सोना वजनी 13.02 मिलीग्राम, चांदी का करधनी 01 नग, 02 जोड़ी पायल, 24 नग बिछिया कुल वजनी 668 ग्राम, रखी चांदी 3 नग, चांदी लॉकेट 1 नग, चांदी का अंगूठी 1 नग कुल कीमती करीब 3 लाख रूपये एवं 1 अपाचे मोटर सायकल, 2 नग नुकीली लोहे का सब्बल, 1 नग कटर मशीन, 1 नग हेलमेट व पिट्ठू बैग जप्त किया गया है। कार्यवाही में शामील पुलिस टीम। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश सिंह, राधेश्याम साहू, श्याम सिंह, रोशन सिंह व युवराज यादव सक्रिय रहे।

## दिल्ली से अपहृत बालक को पुलिस ने किया दस्तयाब, 13 वर्ष पहले घुमने निकला था घर से

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस संवेदनशीलता के साथ अपहृत बालक-बालिका की पतासाजी में लगी हुई है और गुमशुदा नाबालिग बच्चों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सूरजपुर पुलिस ने 13 वर्ष से गुम नाबालिक अपहृत बालक को सफलतापूर्वक दिल्ली से दस्तयाब करने में सफलता हासिल किया है। दरसल दिनांक 09/08/2017 को थाना ओड़गी क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना ओड़गी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका 15 वर्षीय लड़का वर्ष 2012 से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायमी उपरान्त धारा 363 भादवि का मामला पंजीबद्व किया गया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को गुमशुदा एवं अपहरण के मामले में हर संभव प्रयास कर नई तकनीक की मदद लेते हुए सुराग हासिल कर अपहृत बालक-बालिका को दस्तयाब करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना ओड़गी पुलिस के द्वारा अपहृत बालक की लगातार खोजबीन की जा रही थी इसी बीच जानकारी मिली की अपहृत बालक जो अब 26 वर्ष का हो गया है और दिल्ली में है। पुलिस टीम अपहृत बालक के पिता को साथ लेकर दिल्ली पहुंची और गहन खोजबीन के बाद रजौली गार्डन के पास मजदूरी करते हुए अपहृत को दस्तयाब किया। पूछताछ पर अपहृत ने बताया कि वर्ष 2012 में घुमने के लिए घर से निकला था और कई जगह घुमने के बाद वह दिल्ली आया और यही रहकर मजूदरी कर जीवन यापन कर रहा था। अपहृत बालक अब 26 वर्ष को हो चुका है उसे पुलिस टीम दस्तयाब कर वापस लेकर दिनांक 16/09/2025 को ओड़गी पहुंची। दस्तयाब किए गए गुम बालक को विधिवत उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया इस दौरान परिजनों के चेहरे में खुशी की लहर देखी गई और उनके द्वारा सूरजपुर पुलिस के प्रति आभार जताया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओड़गी फर्दीनंद कुजूर, एएसआई अमरेश सिंह व सैनिक उमेश्वर दुबे सक्रिय रहे।

## जनहित के हर पैसे का हो सही उपयोग काम हो गुणवत्तापूर्ण:सांसद

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपा हुई। सांसद महंत ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक-एक रुपये का सही उपयोग हो तथा सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण समस्याओं के समाधान पर जोर सांसद महंत ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से रखें। स्कूल, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र आदि का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं की सूची बनाकर सम्बंधित अधिकारियों व कलेक्टर को दें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके।

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 2179 श्रमिको को श्रमिक महासम्मेलन में किया गया लाभांवित

**सूरजपुर।** रजत जयंती 2025 एवं विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व के अवसर पर श्रमिक महासम्मेलन मुख्यमंत्री छग शासन के मुख्य आतिथ्य में सरदार बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, बुढ़ापारा रायपुर में विगत दिवस में आयोजित हुआ। जिसमें श्रम विभाग सूरजपुर द्वारा विभिां योजनाओं के अंतर्गत कुल 2,179 श्रमिकों को 1 करोड़ 46 लाख 84 हजार 126 रूपये से लाभावित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा श्रमिक महासम्मेलन रायपुर में आयोजित किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में जिला सूरजपुर से 10 श्रमिकों को ले जाया गया। जिसमें नोनी बाबू मेधावी योनजान्तर्गत श्री सेवक राम के पुत्री सोहन्ती तथा श्री राम प्रताप के पुत्री ललीता को सीपेट में प्लास्टिक इजीनियरिंग में पढाई हेतु, सियान योजना से दो हितग्राही श्री श्यामलाल यादव व सुन्दर सिंह तथा निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजनान्तर्गत एक हितग्राही (उत्तराधिकारी) जनक दास को मंच में सम्मानित किया गया। अन्य हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभांवित किया गया है। श्रमिकों को सकुशल कार्यक्रम स्थल तक ले जाने व गृह जिला सूरजपुर वापस लाने के लिए श्रम विभाग सूरजपुर के श्रम निरीक्षक श्री फणिश्वर नाथ विश्वकर्मा व श्रम उप निरीक्षक श्री पंखासियुस एक्का को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कार्यक्रम में शामिल हितग्राहियों द्वारा जिला प्रशासन को आभार व्यक्त किया गया।

## भीषण सड़क हादसा: ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। यह घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के मोरन चौक पर हुई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान अंजनी गांव के निवासी संतोष पटेल और उनके ससुर गिरजा शंकर पटेल के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि शवों की स्थिति काफी खराब थी। हादसे के बाद चालक फरार हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वाड्रफनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान और आयुष्मान कार्ड वितरण का किया आयोजन

**एमसीबी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मनेन्द्रगढ़ स्थित 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में आज रक्तदान शिविर एवं वय वंदन (आयुष्मान) कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। वहीं लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रतीक आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने रक्तदान को जीवन बचाने वाला महादान बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत होती है। जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. मो. वसीक अस्दक ने वय वंदन कार्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्ड जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच का काम करेगा। अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की सशक्तता पर केंद्रित यह अभियान समाज को नई दिशा देने वाला है। पैथोलॉजिस्ट डॉ. स्नेहा वर्मा ने रक्तदान की प्रक्रिया और इसके वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डीपीसी-आयुष्मान दीपक चौधरी और बीएसयू प्रभारी सोमेंद्र मंडल भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे समर्पण के साथ रक्तदान शिविर का संचालन किया, वहीं आयुष्मान कार्ड वितरण केंद्र पर लाभार्थियों की इस योजना की लोकप्रियता और महत्व को दर्शा रही थीं।

## मनेन्द्रगढ़ में लगा आयुर्वेद शिविर

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं संचालनालय आयुष विभाग के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एक दिवसीय नि:शुल्क हर दिन-हर घर आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक मनेंद्रगढ़ में सम्पन्न हुआ।

कोई महिला छूट न जाए, कोई बेटी पीछे न रह जाए

## नारी आरोग्य उत्सव के तहत योग दिवस का आयोजन, स्वस्थ नारी से ही बनेगा सशक्त परिवार



**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज जिलेभर में नारी आरोग्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर/सब-हेल्थ सेंटरों में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना रहा कि एक महिला स्वस्थ होगी, तभी परिवार स्वस्थ और सशक्त बनेगा। इसी दिशा में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने का संकल्प भी लिया गया। आयोजित योग गतिविधियों ने महिलाओं को स्वस्थ मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का संदेश दिया। इस दौरान सामुदायिक स्तर पर महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सामूहिक शपथ भी ली। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु टीम) द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग, नि:शुल्क उपचार और आवश्यक काउंसलिंग की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के लिए फिजियोथेरेपी सेवा और स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए निकलेगी तरक्की की राह-मुख्यमंत्री



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने नियमित कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' की दूसरी कड़ी में महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें तरक्की की राह में सहभागी बनने का आवाहन किया। मुख्यमंत्री का यह संवाद जिलेभर की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सभागारों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता दर्ज कराई। सोनहत जनपद पंचायत के सभा कक्ष में ग्राम पंचायत सोनहत के आवास हितग्राहियों एवं बिहान समूह की दीदियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का श्रवण किया। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे सुनने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिलाएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत कटोरा में दोपहर 2 बजे से 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित जानकारी भी हितग्राहियों और ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के तकनीकी सहायक, सचिव, सरपंच, पंच, रोजगार सहायक, बिहान समूह की महिलाएं, आवास हितग्राही और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के संवाद ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने और शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## शासकीय सेवक ई-केवाईसी कार्य 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने निर्देश दिए हैं कि जिले के समस्त शासकीय सेवकों का ई-केवाईसी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। कोषालय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश के तहत सभी शासकीय सेवकों को कर्मचारी कॉर्नर ऐप अथवा कर्मचारी कॉर्नर पोर्टल के माध्यम से अपने व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी की गई है। निर्देश में कहा गया है कि जिन शासकीय सेवकों का ई-केवाईसी पहले से किया जा चुका है।

## जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय रामानुज महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य हिमधर सर तथा समिति के सभी सम्मानीय सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास, वित्तीय प्रबंधन, भौतिक आवश्यकताओं एवं छात्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्रों की शिक्षा, सुविधाओं और भविष्य को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और परिणाममुखी बनाने का प्रयास समिति का प्रमुख लक्ष्य है।

## प्लास्टिक मुक्त बाजार की ओर कदम



**कोरिया।** कोरिया प्रदेशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे अभियान के तहत मझगवां में यह गतिविधि शुरू हुई। महिलाओं को पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और वे स्थानीय स्तर पर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लटमा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को शत-प्रतिशत प्लास्टिक मुक्त करने की तैयारी भी तेज हो गई है। आगामी दिनों में यहां केवल पेपर बैग का ही उपयोग होगा। पर्यावरण प्रदूषित न हो, इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना जरूरी-कलेक्टर, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि कोरिया अपनी हरियाली और प्रकृति के लिए अलग पहचान रखता है। इस वनांचल का पर्यावरण प्रदूषित न हो, इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना आवश्यक है। पेपर बैग उपलब्ध होने के बाद दुकानदार स्वेच्छा से प्लास्टिक का उपयोग बंद करेंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को मजबूती मिलेगी। कोरिया जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सहयोग से सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मझगवां में थैला एवं ठोंगा निर्माण योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत बिहान से जुड़ी महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत 35 महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। उनके द्वारा तैयार किए गए कागज के थैले एवं ठोंगे जिले के विभिा बाजारों में उपलब्ध कराए जाएंगे, जो प्लास्टिक का बेहतर और पर्यावरण अनुकूल विकल्प साबित होंगे।

## संगठन पर्व सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा मंडल प्रेमनगर में स्वच्छता कार्यक्रम एवं एक पेड़ मां के नाम लगाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**सूरजपुर।** भाजपा मंडल प्रेमनगर के अंतर्गतराष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर संगठन पर्व 2025 सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 17 /9/2025 को भाजपा मंडल प्रेमनगर में प्रत्येक पोलिंग बूथ स्तर पर बृहद रूप से स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया स्वच्छता कार्यक्रम में पूरे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाया है इसके पश्चात दिनांक 18/9/2025 को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाने का कार्यक्रम भाजपा मंडल प्रेमनगर में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में रोपड़ किया गया इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में लगभग तिरासी लोगों ने ब्लड डोनेशन के लिए ब्लड ग्रुप जांच कर अपने स्वेच्छा से पंजीयन कराया इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के कार्यक्रम में उद्बोधन दिया और कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा जिला पंचायत सदस्य नयन सिरदार जनपद अध्यक्ष फुलेश सिरदार भाजपा नेता बीरेंद्र जायसवाल ने संबोधित किया पाश्चात भाजपा मंडल प्रेमनगर में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने के लिए प्राथमिक शाला बरईहाडांड स्कूल प्रांगड़ में पौधा रोपण किया गया कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला मंत्री शिवनन्दन सिंह मरावी भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह रामनारायण यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विधायक प्रतिनिधि संत साहू निज सहायक महादेव सिंह महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्णा जायसवाल जनपद उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े मंडल उपाध्यक्ष कंचन श्याम राजीव बंसल मंडल महामंत्री विजय सिरदार महेंद्र कुमार यादव भाजयुमो मंडल महामंत्री प्रदीप साहू मंडल कोषाध्यक्ष रामध्यान सिंह मीडिया प्रभारी पनेश्वर सिरदार रामनारायण तंवर पार्षद उर्मिला साहू रजमेन श्याम कमला साहू ललिता कनौजे विवेक पांडेय एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनसीसी, स्काउट एवं छात्र छात्राओं को मिली जानकारी

**एमसीबी।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर से आए भर्ती अधिकारी रुबेस कुमार और श्रवण सिंह ने विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड तथा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना में भर्ती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने अग्निवीर, जूनियर कमीशन ऑफिसर एवं अन्य रैंकों पर भर्ती की प्रक्रिया को समझाते हुए छात्रों को जागरूक किया।

## आदि कर्मयोगी अभियान में पोषण और स्वस्थ जीवन पर विशेष बल

**कोरिया।** जिले के 154 ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के साथ साथ शासन की लगभग 25 योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। इसी कड़ी में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत योग सत्र आयोजित किया गया। योग के माध्यम से मन और तन के बीच सामंजस्य स्थापित कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'आदि शक्ति' एवं सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से योग, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां कराई गईं। राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत सुपोषण चौपाल का आयोजन सेक्टर सरभोका में हुआ। इस वर्ष का मुख्य थीम 'मेन स्ट्रीमिंग- पुरुषों की सहभागिता को बढ़ाना और मोटापे का समाधान' रहा।

## विधायक ने एसईसीएल सीएमडी से की महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

**कोरिया बैकुंठपुर।** क्षेत्र के विकास एवं जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े ने आज बिलासपुर में दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने स्वास्थ्य सुविधा, सड़क निर्माण एवं अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विधायक राजवाड़े ने सबसे पहले क्षेत्र में लंबे समय से लंबित स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ी मांग—एमआरआई (स्त्र्क्ष्) मशीन की स्थापना पर जोर दिया। क्षेत्र में एमआरआई मशीन के नहीं होने से लोगों को आर्थिक और समय की बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि क्षेत्रीय अस्पताल में एमआरआई मशीन उपलब्ध हो जाती है, तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और गंभीर रोगों का समय रहते निदान संभव होगा। इसके अलावा विधायक ने चरचा से कटगोड़ी को जोड़ने वाले थींनजेन मार्ग के निर्माण की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का निर्माण



होने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार, व्यापार और शिक्षा के अवसरों तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी। यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी। चर्चा के दौरान विधायक ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं एवं विकास संबंधी विषयों को भी उठाया और उम्मीद जताई कि एसईसीएल प्रबंधन स्थानीय जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाएगा। सीएमडी हरीश दुहन ने विधायक की मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि एसईसीएल सदैव स्थानीय विकास एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी मांगों पर कंपनी स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। विधायक राजवाड़े की इस पहल से क्षेत्र की जनता में उम्मीद जगी है कि जल्द ही एमआरआई मशीन की सुविधा उपलब्ध होगी और सड़क निर्माण जैसे कार्यों से विकास को नई दिशा मिलेगी।

# मां शारदा और कालिका की ज्योति का स्वागत, दर्शन करने दिखा उत्साह





**कोरबा।** देवी की 51 शक्तिपीठों में शामिल मां शारदा मैहर और मां कालिका देवी पावागढ़ की अखंड ज्योत कोरबा पहुंच गई। कोरबा और विभिन्न स्थानों पर इनका स्वागत सत्कार हुआ। कामाक्षी देवी, मां कामाख्या की ज्योति आज शाम व वैष्णो देवी की ज्योति कल पहुंचेंगी। योजना के अंतर्गत जिन स्थानों से अखंड ज्योत लेने के लिए टीम रवाना हुई थी उन्हें मंदिरों में इन्हें 20 सितंबर तक रखा जाना है लोग यहां इनका दर्शन पूजन कर सकेंगे। ज्योति पहुंचने पर उनके स्वागत और दर्शन को लेकर लोग उत्साहित रहे। देवपहरी में नवरात्र पर सिद्धिदात्री सहित 5 शक्तिपीठ की अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। जबकि भविष्य में पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित हिंगलाज भवानी के मंदिर की अखंड ज्योति भी करने का सपना है इसलिए फिलहाल यहां पर हिंगलाज की संकल्पित ज्योति प्रचलित की जाएगी। यह सभी ज्योति देवपहरी के हिंगलाजगढ़ में आध्यात्मिक शक्ति का माध्यम बनेंगी। धार्मिक दृष्टिकोण से इस वर्ष आश्चर्य नवरात्र का पर्व कोरबा जिले के इस ग्रामीण अंचल के लिए अत्यंत विशेष माना जा रहा है। आशा जताई जा रही है कि आस्था के नए केंद्र पर इस बार श्रद्धालुओं की अच्छी खासी उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

### बरपाली में डीबीएल के रवैये ने खड़ी कर दी अड़चने

# भारतमाला : ठेका कंपनी ने तहसील व पंचायत कार्यालय के राह पर बिछाए कांटे



**कोरबा।** कोरबा जिले को रांची से जोड़ने के लिए चल रही भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना में निर्माण कार्य एजेंसी दिलीप बिल्डकॉन के कामकाज के तौर-तरीके को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बरपाली और आसपास के गांवों में कंपनी की लापरवाही से आवागमन बाधित हो गया है। कंपनी ने कुछ रास्तों पर बोल्डर बिछाए हैं या कांटे, लोग यही नहीं समझ पा रहे हैं। उनके सामने फिलहाल मुश्किलें हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी ने कई स्थानों पर सड़क और जमीन की खुदाई की, निर्माण सामग्री रखने के लिए जगह बनाई, लेकिन बाद में उन जगहों को समतल नहीं किया गया। कंपनी ने सिर्फ बोल्डर डालकर काम खत्म मान लिया। नतीजा यह हुआ कि पंचायत कार्यालय, स्कूल, तहसील और अन्य सार्वजनिक जगहों तक आने-जाने में लोगों को दिक्कत हो रही है। भारतमाला परियोजना का उद्देश्य लोगों को तेज और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराना है, ताकि समय की बचत हो और विकास को गति मिले। लेकिन वर्तमान हालात में बरपाली क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जैसी स्थिति बहाल की जानी चाहिए। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी भी दे रहे हैं।

खबर के अनुसार क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का बेजा दुरुपयोग करने का आरोप भी इस कंपनी पर कई मौकों पर लग चुका है। मनमाने तरीके से कहीं भी खुदाई करने और रॉ मटेरियल निकालने पर लोगों ने आपत्ति की लेकिन किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। इस वजह से उसका मनोबल बढ़ता गया। निर्माण क्षेत्र के आसपास के लोगों का कहना है कि सड़क बनने से कुछ खास मामलों में ही दूसरों को सहूलियत और सहायता मिलेगी लेकिन हमारे सामने केवल मुश्किलें हैं। लोगों ने बताया कि इस रास्ते का उपयोग करने पर ग्रामीणों को अपने गांव पहुंचने के लिए कई किलोमीटर लंबा यू-टर्न लेने की मजबूरी है। निर्माण के प्रस्ताव के दौरान उन्होंने सुझाव दिए थी जिस पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई।

## लापता जेसीबी चालक की तलाश के लिए रेस्क्यू जारी

**कोरबा।** आज दूसरे दिन भी आपदा प्रबंधन बल ने उसे जेसीबी के चालक अमृत पटेल की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रखा है जो एक दुर्घटना के बाद लापता है। अमृत पटेल इस जेसीबी को चल रहा था। कोरबा जिले के ऊर्जा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरमाल गांव के नजदीक बांगो नहर में संबंधित वाहन असावधानीवश जा गिरा। दुर्घटना होने की जानकारी मिलने पर पुलिस और छत्तीसगढ़ आपदा प्रबंधन बल ने संज्ञान लिया। शीघ्रता से यहां सर्च लाइट के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। नहर में पानी की काफी मात्रा के कारण वाहन चालक की खोज संभव नहीं हो। पुलिस ने बताया कि अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# कोयला लोड ट्रेलर के सामने आया दंतैल, बाल-बाल बचे चालक-परिचालक



**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल में बड़ी संख्या में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है, जिसमें पसान रेंज में आने वाले ग्राम पंचायत तनेरा,(जलके) क्षेत्र में 52 हाथियों का झुंड क्रेशर, के आसपास मंडरा रहा है और धान की फसल को चट कर जा रहे हैं, जिसकी वजह से आने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को संभल कर चलना पड़ रहा है। 18 सितंबर रात्रि लगभग 9 बजे झुंड से अलग होकर एक दंतैल हाथी रानीअटारी मार्ग तनेरा घाटी के आसपास एक कोयला लोड ट्रेलर को रोक दिया। हाथी को सामने देख वाहन चालक विजय और परिचालक सहित दहशत में आ गए।

हाथी ने आधे घंटे तक मार्ग को रोक कर रखा था। बाद में वह चिंघाड़ते हुए जंगल की ओर रूख किया, तब कहीं जाकर चालक ने राहत की सांस ली और वाहन को आगे बढ़ाया। इस बीच 12 हाथियों का दल सरगुजा का रूख कर लिया है। हाथियों का यह दल केंदई रेंज के धजाक जंगल में मौजूद था। हाथियों ने रात में मूव्हमेंट किया और मदनपुर सर्किल के जंगल को पार करते हुए आज सुबह 5 बजे के लगभग सरगुजा फारेस्ट डिवीजन की सीमा में प्रवेश किया और वहां विचरण करने लगा। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में कई ग्रामीणों की धान की फसल को चट कर दिया है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। 12 हाथियों के दल के अन्यत्र जाने से वन विभाग के साथ-साथ क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत महसूस की है। हाथियों का यह दल सप्ताह भर पहले जिले में आया था और केंदई रेंज के जंगल में डेरा डालने के बाद दिन भर विश्राम करता था और रात में बाहर निकलकर उत्पात मचाते हुए फसल को चौपट कर रहा था।

# सरकारी जमीन का पट्टा बेचकर बैंक से लिया लोन, बड़ा खुलासा

## तहसीलदार के रिपोर्ट पर दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** आकांक्षी जिले कोरबा में सरकारी योजनाओं पर क्रियान्वयन के साथ लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है, तो दूसरी ओर कई जगह गड़बड़ी के मामले भी सामने आ रहे हैं। कोरबी पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है जिन्होंने सरकारी जमीन का फर्जी पट्टा बनाकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक से लोन ले लिया। लोन की राशि के बारे में जांच पड़ताल की जा रही है।

पोड़ी उपरोड़ा के तहसीलदार समुंद दास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर पसान थाना की कोरबी पुलिस ने बीएनएस की धारा 318-4, 338, 340(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। खबर के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले घुंचापुर गांव में मौजूद सरकारी जमीन के आधार पर घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने बताया कि हैरान करने वाली घटनाक्रम में आरोपियों ने सरकारी जमीन का फर्जी पट्टा तैयार करने के साथ बैंक से लोन प्राप्त कर लिया। उन्होंने प्राइवेट बैंक एचडीएफसी और एक्सिस बैंक की बेमेतरा व दुर्ग स्थित शाखा के जरिए यह कृत्य किया। चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने बताया कि आरोपी अजय यादव पटईडीह पचपेढ़ी और शिवचरण ने इस पूरे मामले को ऊंचाई दी। हाल में ही इस बारे में जानकारी मिली। तहसील के पास यह मामला पहुंचा। इसमें बताया गया कि बैंकिंग संस्था ने शिकायत की है कि संबंधित लोगों ने जो जमीन बंधक बनाने के लिए प्रस्तुत की, वह रिकार्ड में सरकारी है। परीक्षण के बाद इसे संज्ञान में लिया गया। तहसीलदार ने चौकी में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर अपराध रजिस्टर किया गया है। कोरबी पुलिस ने प्रकरण कायम करने के साथ आगे की जांच शुरू की है। आरोपियों की तलाश करने का काम शुरू किया गया है।

### ऋण पुस्तिका बनने पर उठे सवाल

अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री के साथ-साथ अन्य प्रक्रियाओं को काफी जटिल किया गया है। इस पर भी लोगों को काफी चक्कर लगाने होते हैं। इन सबके बावजूद घुंचापुर लालपुर की सरकारी जमीन को अपने खाते में दिखाना और इसके लिए ऋण पुस्तिका बनवाने का मतलब साफ है कि संबंधित लोगों ने पटवारी और अन्य स्तर पर मजबूत गठजोड़ किया। इसके बाद आगे की योजना बनाते हुए बैंक से लोन लेने का काम पूरा किया। ऋण पुस्तिका बनने पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं कि आखिर संबंधित हल्का क्षेत्र के पटवारी और उपर के लोगों को प्रश्रय कहां से मिला हुआ है। संभव है कि आगे की जांच इस स्तर पर बढ़ सकती है।

## गुरु तेगबहादुर की शताब्दी यात्रा का हुआ स्वागत

**कोरबा।** सिख पंथ के नौवें गुरु, मानवता और शहीदी के प्रतीक धन धन श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी पर निकली यात्रा कोरबा पहुंची, यहां उसका स्वागत हुआ। यात्रा 21 अगस्त 2025 को श्री गुरुद्वारा डुबरी साहिब, असम से आरंभ होकर पूरे भारत के विभिन्न राज्यों के ऐतिहासिक गुरुद्वारों तथा पवित्र स्थलों से होकर गुज़रेगी। यात्रा का उद्देश्य श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी के अमर संदेश - धर्म की रक्षा, मानवता की सेवा और शांति के प्रसार - को जन-जन तक पहुँचाना है। 18 सितम्बर को यात्रा कोरबा नगर पहुँची। इस अवसर पर नगर कीर्तन और गुरमत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें संगत ने शामिल जत्थेदारों का भव्य स्वागत किया। यात्रा सीएसईबी चौक से होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा में संपन्न हुई। यहां सिख समाज सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। आज सुबह यात्रा रवाना हो गई।



सिख धर्म के 9 में गुरु तेग बहादुर के 350 वी जयंती पर निकाली जा रही राष्ट्रीय यात्रा के कोरबा में पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रा व्यवस्था को बेहतर बनाने में ट्रैफिक पुलिस ने अपना योगदान दिया। सिख समाज की ओर से इस कार्य के लिए असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर और उनकी टीम का सम्मान किया गया।

## हिन्दुत्व हुंकार रैली 21 सितंबर को

**कोरबा।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा 21 सितंबर को हिन्दुत्व हुंकार रैली की जा रही है। हैदराबाद के विधायक टी राजा सिंह इसमें मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने का अनुमान है। आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के विहिप के प्रांत प्रचार प्रमुख ऋषि मिश्रा, विजय राठौर और राणा मुखर्जी ने इसके उद्देश्य पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में धर्मांतरण के अलावा दूसरे विषय को लेकर यह कार्य किया जा रहा है।

# स्कूल प्रांगण में रोपे गए फलदार एवं छायादार पौधे




**कोरबा।** जिले के वनमंडल कटघोरा के चैतमा परिक्षेत्र अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हाइस्कूल हिंदी माध्यम मदनपुर (रजकम्मा) में एक पेड़ मां के नाम दो वृक्षारोपण सेवा पर्व अभियान के तहत स्कूल प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आर.दुबे, सीसीएफ कार्य आयोजना बिलासपुर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों तथा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पौधा लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधियों एवं वन अधिकारियों द्वारा वन के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा वृक्षारोपण को सफल बनाने हेतु जन जागरूकता हेतु संकल्पित किया गया। रोपित पौधों की देखरेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को दी गई। वन परिक्षेत्राधिकारी श्री कुर्रे ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान दो सेवा पर्व 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान वृहद मात्रा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम वन विभाग द्वारा स्कूल प्रांगण, आंगनबाड़ी तथा शासकीय कार्यालयों के परिसर में कराया जा रहा है। इतना ही नहीं वन विभाग के नर्सरी में तैयार पौधों को प्रिंसिपल एवं लोगों को नि:शुल्क प्रदाय किया जा रहा है। अभियान चलाकर वनों का प्रतिशत बढ़ाए जाने का लक्ष्य है जिससे पर्यावरण में हो रहे बदलाव को रोकने हेतु सार्थक पहल के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा।

इस दौरान दिलहरण कश्यप जनपद उपाध्यक्ष पाली, सरमन मरावी सरपंच मदनपुर, हेमलाल उप सरपंच मदनपुर, कृष्णा यदु अध्यक्ष एसएफडीसी, मनमोहन दास पंच, बहोरिक कश्यप प्राचार्य, राजू जोगी, व्याख्याता विनोज जायसवाल, श्रीमती कमोदनी राम, कल्पना कुजूर, वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.के.कुर्रे, सीएफओ वाय.के.आडिल्य, के.के.सिंह तंवर, वनरक्षक बलवान सिंह कुर्रे, सुखमन पाटले तथा सलमा पैकरा उपस्थित रहे।

## बिजली दर बढ़ोतरी का विरोध

**कोरबा।** कांग्रेस द्वारा बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन किये जा रहे हैं। सभी सब स्टेशनों के सामने प्रदर्शन करने के बाद अब कांग्रेसी बिजली बिल बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि कई महीनों से रिडिंग का कार्य नहीं हुआ था। अचानक रिडिंग होने पर बिजली बिलों में बढ़ोतरी हो गई है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है।

# सर्वमंगला मंदिर में नवरात्रि की तैयारी






**कोरबा।** आदिशक्ति मां जगदंबा की उपासना का पर्व नवरात्रि इस साल 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। नवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारी शुरू कर दी गई है. कोरबा जिले की प्रथम आराध्य देवी मां सर्वमंगला के दरबार में भी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। कोरबा जिले के हरदेव नदी के किनारे स्थित मां सर्वमंगला मंदिर में देवी माँ से मांगी गई हर मुरादें पूरी होती हैं, यही कारण है कि राज्य और देश के अलावा विदेश से भी यहां माता के मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश जलवाते हैं तथा श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। नवरात्र में मनोकामना ज्योति कलश के लिए रशीद कटनी शुरू हो गई है। मंदिर के पुजारी मयंक पांडे ने बताया कि अब तक तेल ज्योति कलश के लिए 3500 और घृत ज्योति कलश के लिए 4000 रसीद कट चुकी है। जिसमें एक रसीद नीदरलैंड और एक अमेरिका से भक्तों द्वारा जोत जलवाने के लिए कटवाई गई है।

# सफाई कर्मियों का कल होगा सम्मान

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपाइयों द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कल बालको नगर मंडल के लालघाट में सफाई कर्मियों का सम्मान किया जाएगा। जिसकी तैयारी मंडल अध्यक्ष डिलेंद्र यादव, संपत यादव, जय राठौर, अर्चना झा, हेमलता निर्मलकर, प्रीति स्वर्णकार सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। सेवा पखवाड़ा के तहत कटघोरा चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह रामप्रसाद कोर्राम, जय गर्ग, अनुराग दुलानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

छूरी में कल रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष पदमिनी देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रीतम देवांगन, हीरानंद पंजवानी, डेकरांत देवांगन, रमेश श्रीवास, टिकैत डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। यहां पर मरीजों को फल वितरण किया गया। करतला मंडल के छातापाठ माता मंदिर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष रामकुमार गभेल, पवन मैत्री सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बांकी मंडल के कटाईनार दुर्गा पंडाल में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान संयोजक सूरज मिश्रा, सहसंयोजक रूकेश पासवान, अध्यक्ष उदय शर्मा, महामंत्री अनीता राजपूत मौजूद थे। आज सुबह, मुड़ादाई तालाब में जाकर भाजपाइयों ने स्वस्च्छता अभियान चलाया जिसमें योगेश मिश्रा, रामआश्रय साहू सहित कई वरिष्ठ भाजपाई मौजूद थे। पोड़ीबहार ठाकुरदेव स्थल पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इसमें राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलाप राम, गोपराम राठिया आदि मौजूद थे।

## बीकेकेएसएस ने की शोकसभा

**कोरबा।** कल बीकेकेएमएस गेवरा कार्यालय में एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें गेवरा-दीपका बीकेकेएमएस के महामंत्री रमेश गुरूद्वान के माता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रामनारायण साहू, वीरेंद्र राठौर, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, बाबू सिंह, कुलदीप सहित अन्य मौजूद थे। कोरबा स्थित यूनियन कार्यालय में भी एक शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें रंजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, संजय, नलिनिंद्र पवार, बाबूलाल चंद्रा, राजेन्द्र, दादूलाल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com